


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 259 | ग्वालियर, बुधवार 23 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




## न्यूज ट्रैक

### पॉपकॉर्न बेचने वाले बच्चे को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए सोनू सूद देंगे स्मार्टफोन




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद एक के बाद एक हर रोज़ न जाने कितने लोगों की मदद कर रहे हैं. लॉकडाउन के दौरान हज़ारों प्रवासी श्रमिकों को घर पहुंचाने के बाद अब वह सोशल मीडिया के जरिए लोगों की मदद में जुट गए हैं. सोनू सूद कभी किसी की पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद करते हैं, तो कभी किसी बच्चे को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए स्मार्ट फोन देते हैं, कभी किसी के इलाज का खर्च पूरा करते हैं तो कभी किसी घर में रोजी-रोटी के लिए आर्थिक मदद करते हैं. इस तरह सोनू सूद लोगों की मदद करके उनका मसीहा बन गए हैं. न जाने कितने लोग तो सोनू सूद को भगवान की तरह पूजने लगे हैं. वहीं, सोनू सूद ने एक बार फिर कुछ ऐसा कर दिया है, जिससे आप भी उनकी तारीफ करने लगेंगे. सोनू सूद ने एक पॉपकॉर्न बेचने वाले बच्चे को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए स्मार्टफोन देने का वाद किया है, लेकिन उसके बदले में सोनू ने भी उस बच्चे से कुछ मांगा है. दरअसल, हाल ही में अंजली ताज नाम की एक महिला ने सोनू सूद को ट्वीट करते हुए लिखा, कृपया उसकी इसकी मदद करिए. हैप्पी अपने पिताजी जी की मदद के लिए पॉपकॉर्न बेचता है. मैं हप्पी को जबसे मिली हूं, उसकी स्कूल फीस में मदद कर रही हूं. अभी इसका ऑनलाइन क्लास शुरु हो रहा है, उसके पास पढ़ाई के लिए स्मार्फोन नहीं है पढ़ाई के लिए. स्कूल का नाम अवध अकैडमी इंटर कॉलेज लखनऊ.

### सुन मितवा तुझको क्या डर है रे... उदित नारायण ने योगी के लिए गाया गाना



**लखनऊ।** लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यूपी में फिल्म सिटी बनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक के अंत में उदित नारायण ने सीएम योगी के लिए सुन मितवा तुझको क्या डर है रे.... सच और साहस है जिसके मन में, अंत में जीत उसी की रहे...गाना गया। इस पर मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर उनका उत्साह बढ़ाया और धन्यवाद दिया। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत का नाम भारत शकुंतला पुत्र भरत के नाम पर पड़ा। उसी हस्तिनापुर के आस-पास के क्षेत्र में हम फिल्म सिटी प्रस्तावित कर रहे हैं। गंगा और यमुना के बीच का भूभाग है। यमुना एक्सप्रेस वे जो दिल्ली को आगरा से जोड़ने आ रहा है उसके बीच में ये सारा क्षेत्र पड़ता है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ फिल्म सिटी तक सीमित नहीं रहेगा हम वहां वर्ल्ड इलेक्ट्रोनिक सिटी भी देने जा रहे हैं और एक वर्ल्ड क्लास फाइनेंशियल सिटी भी हम वहीं प्रपोज करने जा रहे हैं। जो वहां से हर आर्थिक और वित्तीय गतिविधियों का संचालन कर सके। इस मीटिंग में सुपर स्टार रजनीकांत की बेटी सौन्दर्या रजनीकांत, निर्माता निर्देशक मधुर भंडारकर, अभिनेता प्रियदर्शन, रवीना टंडन, सुभाष घई, परेश रावल, गायक अनूप जलोटा, उदित नारायण, कैलाश खेर, लेखक विजयेंद्र प्रसाद, गीतकार मनोज मुन्तस्सिर शामिल थे।इसके अलावा फिल्म उद्योग से जुड़े विनोद बच्चन, दीपक दल्वी, नितिन देसाई, ओम राउत, शैलेश सिंह, पदम कुमार भी मीटिंग में शामिल हुए। वहीं अनुपम खेर समेत कई अन्य फिल्मी हस्तियां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए इस बैठक में शिरकत की। यह सभी लोग फिल्म सिटी बनाने के लिए योगी सरकार को सुझाव दिए।

### ड्रग्स कनेक्शन: दीपिका के बाद दीया मिर्जा नाम आया सामने



**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग्स एंगल में अब तक बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेज के नाम सामने आ चुके हैं. इस बीच खबर है कि एक्ट्रेस दीया मिर्जा भी एनसीबी की रडार पर हैं. उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है. बता दें कि मंगलवार को ही ड्रग्स कनेक्शन की जांच के दौरान एनसीबी को 40 साल की एक एक्ट्रेस के बारे में भी पता चला था. कहा जा रहा है कि सारा अली खान, दीपिका पादुकोण, श्रद्धा कपूर और नम्रता शिरोडकर के बाद अब दीया का नाम भी इस मामले में आ गया है. एनसीबी उन्हें पूछताछ के लिए जल्द बुला सकती है. सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार ड्रग्स पेडलर्स अनुज केशवानी और अंकुश से पूछताछ के बाद इस एक्ट्रेस के नाम का खुलासा हुआ. दीया की मैनेजर ड्रग्स की खेप उन तक पहुंचाती थी. मालूम हो कि साल 2019 में दीया के लिए खरीदी गई ड्रग्स की पुख्ता जानकारी और सबूत एनसीबी के हाथ लगे हैं. सूत्रों के मुताबिक, बकायदा मैनेजर ने ड्रग्स पेडलर्स से एक से दो बार मीटिंग भी की थी. इसलिए आने वाले दिनों में पहले एक्ट्रेस की मैनेजर को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है.

### जम्मू कश्मीर में ड्रोन का इस्तेमाल कर

## पाकिस्तान ने पहुंचाई हथियारों की खेप

**जम्मू कश्मीर।** पाकिस्तान लगातार जम्मू कश्मीर में अशांत फैलाने की कोशिश कर रहा है और इस काम के लिए अब वह बकायदा ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। वह सीमापार से हथियारों को पहुंचाने के लिए ड्रोन की मदद ले रहा है। पाकिस्तानी ड्रोन से एक गांव में हथियार गिराए जाने की खुफिया सूचना के आधार पर जम्मू कश्मीर पुलिस ने 2 एके असॉल्ट रायफल्स, एक पिस्टल, तीन एके मैग्जिन्स और 90 राउंड्स गोलियां बरामद की हैं।

गौरतलब है कि सीमा पार पाकिस्तान से अब देश में अशांति फैलाने के लिए सिर्फ आतंकियों की घुसपैठ ही नहीं की जा रही है बल्कि ड्रोन के जरिए हथियारों की खेप भेजी जा रही है। सुरक्षाबलों के लिए आतंकियों के



खिलाफ अभियान में यह सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। इससे पहले, शनिवार को जम्मू कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में ड्रोन से हथियारों को पहुंचाकर अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है। दिलबाग सिंह ने कहा, पाकिस्तान आतंकियों की भी घुसपैठ कराने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ड्रोन के जरिए हथियारों की खेप पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इस रोकने में सफल रहे हैं और कुछ सफलता भी मिली है। जम्मू कश्मीर के डीजीपी ने आगे कहा- जम्मू कश्मीर में आतंकी संगठनों को सभी संभव मदद पहुंचाकर पाकिस्तान आतंकवाद को घाटी में बढ़ावा दे रहा है। हम ड्रग्स तस्करों से कड़ाई से निपटेंगे। पाकिस्तान टेरर फंडिंग के लिए नार्को टेररिज्म का इस्तेमाल कर रहा है।

### विपक्ष ने लोकसभा का किया बहिष्कार, कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर बोले

## प्रदर्शन करने वाले किसान नहीं, कांग्रेस से संबंधित

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुके किसानों से संबंधित तीन बिलों पर विपक्ष का विरोध जारी है। राज्यसभा से बचे हुए सत्र तक के लिए निलंबित किए गए आठ सांसदों का समर्थन और बिलों को वापस लेने की मांग करते हुए विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा का बहिष्कार किया। इससे पहले, उन्होंने राज्यसभा का भी बहिष्कार किया था। इस बीच, कृषि बिलों पर हो रहे विरोध प्रदर्शनों को लेकर कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा कि ये लोग किसान नहीं हैं, बल्कि कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा, कांग्रेस के दांत खाने के और हैं, दिखाने के और। वह सदन में कोई बात कहते हैं और बाहर जाकर कुछ और बोलते हैं। जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वे किसान नहीं हैं, वे कांग्रेस से संबंधित हैं और यह देश को मालूम है। यह सुधार किसानों को फायदा पहुंचाएगा और उनकी आय में बढ़ोतरी करेगा।

किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य कुछ विपक्षी दलों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सदन को एक घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि



राज्यसभा और लोक सभा भाइयों की तरह हैं ... यदि कोई दुःख में होता है, तो दूसरे को संभलना पड़ता है। हमारा मुद्दा कृषि बिलों से संबंधित है, हम चाहते हैं कि इसे वापस लिया जाए। अगर तोमर जी इसे वापस लेने के लिए सहमत होते हैं, तो हमें सत्र जारी रखने में कोई समस्या नहीं है। इसके बाद, उन्होंने कहा, किसानों के मुद्दे पर हमारी पार्टी (कांग्रेस) और सभी विपक्षी दल लोकसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करते हैं। गौरतलब है कि विपक्षी दलों ने रविवार को राज्यसभा में हुए हंगामे के चलते सोमवार को आठ विपक्षी सदस्यों को निलंबित किए जाने को लेकर सरकार पर निशाना साधा था तथा इस कदम के विरोध में वे संसद भवन परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए थे। हालांकि, बाद में मंगलवार सुबह उन्होंने धरना खत्म कर दिया। निलंबित किए गए आठ सांसदों में कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्य शामिल हैं। उच्च सदन में कृषि संबंधी विधेयकों को पारित किए जाने के दौरान अमर्यादित व्यवहार के कारण इन सदस्यों को मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया है। राज्यसभा में कांग्रेस ने सबसे पहले सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया।

### विपक्ष के बहिष्कार के बीच

## कृषि से जुड़ा तीसरा बिल भी मोदी सरकार ने राज्यसभा में कराया पास

**नई दिल्ली।** कृषि विधेयकों पर संसद में विपक्ष और मोदी सरकार के बीच घमासान जारी है। हालांकि, कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों द्वारा मॉनसून सत्र का बहिष्कार करने के फैसले के बीच मोदी सरकार ने राज्यसभा में कृषि बिल से जुड़ा तीसरा विधेयक भी आज पास करा लिया। मंगलवार को राज्यसभा ने अनाज, दलहन, तिलहन, खाद्य तेल, प्याज व आलू को आवश्यक वस्तुओं की सूची से हटाने के प्रावधान वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे पहले रविवार को राज्यसभा में कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सुविधा) विधेयक-2020 और कृषक (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक-2020 को मंजूरी दे दी थी। आज मंगलवार को आवश्यक वस्तु संशोधन विधेयक राज्यसभा से पास किए जाने के बाद कृषि से जुड़े तीन विधेयकों को संसद की मंजूरी मिल गई। बता दें कि कांग्रेस समेत पूरी विपक्षी पार्टियों ने एक स्वर में कहा है कि जब तक कृषि बिलों का वापस नहीं ले लिया जाता, तब तक वे संसद के बचे हुए मॉनसून सत्र का बहिष्कार करेंगी। रविवार को इन्हीं कृषि बिलों के खिलाफ में



राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ था, जिसके बाद कार्रवाई के तहत विपक्ष के आठ सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इस कार्रवाई के बाद ये आठों सांसद संसद परिसर में ही सोमवार को धरने पर बैठ गए। रातभर वे धरने पर बैठे रहे, सुबह होते ही उपसभापति हरिवंश अपने घर से चाय लेकर उनके पास पहुंचे। मगर सासंदों ने धरना खत्म नहीं किया। इसके बाद उपसभापति खुद एक दिन के उपपास पर बैठ गए। हालांकि, बाद में आठों सांसदों ने धरना खत्म कर दिया।

### अभी जेल में ही कटेंगे रिया के दिन-रात, कोर्ट ने 6 अक्टूबर तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में गिरफ्तार रिया चक्रवर्ती को अभी जेल में ही रहना होगा। स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट ने रिया चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत की अवधि 6 अक्टूब तक बढ़ा दी है। वहीं, जमानत के लिए रिया चक्रवर्ती और उनेक भाई शौविक चक्रवर्ती ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिस पर 23 सितंबर को सुनवाई होगी। सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग्स केस में गिरफ्तार रिया चक्रवर्ती के 14 दिनों की न्यायिक हिरासत का आज आखिरी दिन है। एनसीबी की गिरफ्तारी के बाद रिया चक्रवर्ती को 22 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। वह मुंबई की भायखला जेल में बंद हैं। बता दें कि रिया चक्रवर्ती की जमानत याचिका दो बार कोर्ट से ठुकरा दी जा चुकी है। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद ड्रग्स कनेक्श की जांच कर रही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने रिया चक्रवर्ती को 8 सितंबर को मुंबई से कई दौर की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### डोकलाम के बाद नापाक इरादे पर काम कर रहा चीन

## 3 साल में ड्रैगन ने एलएसी पर दोगुने किए एयरबेस, हेलीपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच सीमा पर जारी तनाव के बीच बड़ी खबर सामने आई है। वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास चीन ने अपने एयरबेस, एयर डिफेंस यूनिट और सैन्य पोजिशन की संख्या में बड़ा इजाफा किया है। पिछले तीन सालों में ड्रैगन ने सीमा पर अपने इलाके में हवाई ठिकानों की संख्या को दोगुना कर दिया है। स्ट्रेटफॉर की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने डोकलाम में 2017 के गतिरोध के बाद भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास एयरबेस और एयर डिफेंस यूनिट सहित कम से कम 13 नए सैन्य पदों (सैन्य पोजिशन) का निर्माण शुरू किया, जिनमें लद्दाख में मौजूदा तनाव के बाद चार हेलीपोर्ट पर काम शुरू हुआ। एक प्रमुख सुरक्षा और खुफिया कंसल्टेंसी स्ट्रेटफॉर द्वारा मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में इन सैन्य ठिकानों का विवरण दिया गया है। नए सैन्य ठिकानों में तीन एयरबेस, पांच स्थायी एयर डिफेंस पोजिशन और पांच हेलीपोर्ट शामिल हैं। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद स्पष्ट हो गया है कि चीन दुनिया को दिखाने के लिए शांति वार्ता का राग अलाप रहा है, मगर असल मकसद उसका सीमा के पास सैन्य ठिकानों को बढ़ाना और तनाव पैदा करना है।

स्ट्रेटफॉर के साथ सैन्य और सुरक्षा विश्लेषक सिम टैक ने रिपोर्ट में कहा कि मई महीने में मौजूदा लद्दाख तनाव की शुरुआत के बाद ही चीन ने चार नए हेलीपोर्ट पर निर्माण कार्य शुरू किया है। उन्होंने आगे कहा कि 2017 के डोकलाम विवाद ने चीन के रणनीतिक उद्देश्यों में बदलाव लाया है, जिसके तहत चीन ने पिछले तीन वर्षों में भारतीय सीमा के पास एयरबेस, एयर डिफेंस पोजिशन और



हेलीपोर्ट्स की कुल संख्या को दोगुना से अधिक किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी सेना मौजूदा एयरबेस के भीतर चार एयर डिफेंस पोजिशन और अन्य सुविधाएं जैसे अतिरिक्त रनवे और शेल्टर का निर्माण कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह मौजूदा सुविधाओं के लिए अधिक वायु रक्षा प्रणाली और लड़ाकू विमान भी तैनात कर रहा है। इसके अलावा, मई की शुरुआत में सामने आने वाले लद्दाख में मौजूदा गतिरोध के बीच चीन द्वारा तिब्बती पठार पर अतिरिक्त सैनिकों, विशेष बलों, बख्तरबंद इकाइयों और वायु रक्षा इकाइयों को तैनात करने की भी कई रिपोर्टें मिली हैं। ओपन सोर्स सैटेलाइट इमेजरी के विश्लेषण से पता चला है कि चीन ने तिब्बत में मानसरोवर झील के किनारे सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल साइट बनाई है और डोकलाम और सिक्किम सेक्टर में विवादित सीमा के संवेदनशील हिस्सों पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से इसी तरह की सुविधाओं का विकास कर रहा है। स्ट्रेटफॉर रिपोर्ट में शामिल एक ग्राफिक से पता चला है कि साल 2016 में तिब्बती पठार पर चीन का केवल एक हेलिपोर्ट और एक एयर डिफेंस साइट था। वहीं 2019 के बाद से इस क्षेत्र में चीन ने अपने सैन्य बुनियादी ढांचे का पर्याप्त विस्तार और अपग्रेड किया है। पिछले साल चीन ने चार एयरबेस, चार एयर डिफेंस साइट, एक हेलिपोर्ट और एक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर स्टेश का निर्माण किया। इसके अलावा, साल 2020 में चीन ने तिब्बती पठार पर चार एयरबेस, चार हेलीपोर्ट और एक एयर डिफेंस साइट विकसित किया है। वहीं, लद्दाख में तनाव शुरू होने के बाद से चीन ने हेलीपोर्ट और एक एयरबेस पर काम करना शुरू किया। दरअसल, चीन इन सैन्य ठिकानों के निर्माण के साथ भारत से लगी संपूर्ण सीमा पर अपने एयर पावर को बढ़ाना चाहता है और अपनी क्षमता मजबूत करना चाहता है ताकि वह सीमावर्ती इलाकों में नियंत्रण स्थापित कर सके और भारत की क्षमता का काउंटर कर सके।

### कंगना के ऑफिस में तोड़फोड़ के केस में संजय राउत को झटका, बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिवसेना नेता को भी पार्टी बनाया

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कंगना रौनत के ऑफिस में तोड़फोड़ के मामले में सुनवाई करते हुए शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत और बीएमसी के एच-वेस्ट वॉर्ड के अधिकारी भाग्यवंत लाते को अभियोजित करने यानी पार्टी बनाने की इजाजत अभिनेत्री को दे दी है। संजय राउत ने कथित तौर पर उखाड़ के रख दूंगा और उखाड़ दिया जैसे वाक्य बोले थे और कंगना ने कहा था कि इन वाक्यों के जरिए उन्हें धमकाने की कोशिश की गई। 9 सितंबर को बीएमसी ने कंगना के बांद्रा स्थित ऑफिस के कुछ हिस्सों को अवैध बताकर तोड़ दिया था। हाई कोर्ट में कंगना ने बीएमसी की कार्रवाई को रोकने की मांग की थी, लेकिन यथास्थिति बनाए रखने का फैसला आने से पहले ही उनके ऑफिस में तोड़फोड़ की कार्रवाई कर दी गई। इसलिए कंगना ने अपनी याचिका में संशोधन करके बीएमसी से 2 करोड़ रुपये के मुआवजा की मांग की। इसके बाद बीएमसी ने अपने जवाब में दावा किया कि कंगना की याचिका कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है, इसीलिए अभिनेत्री की याचिका ख़ारिज करके उन पर जुर्माना लगाना चाहिए।

### देश में पिछले चार दिनों में कोरोना वायरस संक्रमण से ज्यादा रिकवरी के आए मामले- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** देश में लगातार कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। लेकिन, सबसे राहत की बात ये है कि देश में कोरोना संक्रमण के पिछले चार दिनों में जितने केस आए हैं उनके कहीं ज्यादा रिकवरी के मामले सामने आए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि हम इस बात को देखते हैं कि कोरोना केस 50 लाख के पार कर गए, लेकिन हम ये भूल जाते हैं कि करीब 45 लाख लोग इससे पहले ही ठीक हो चुके हैं। भारत में पहली बार एक दिन में कोविड-19 के एक लाख से अधिक मरीज ठीक हुए हैं और इसके साथ ही देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के ठीक होने की दर बढ़कर 80.86 प्रतिशत हो गई है। इसके बाद सक्रिय मामलों में भारी गिरावट आई और उनकी संख्या 10 लाख से नीचे आ गई है।



केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 1,01,468 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसके साथ ही अब तक कोरोना मुक्त होने वालों की संख्या 44,97,868 हो गई है। इससे पहले शनिवार को 95,880, रविवार को 94,612 और सोमवार को 93,356 लोग स्वस्थ हुए थे। संक्रमण के नए मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक होने से पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों की संख्या में 27,438 की कमी आई है और अब यह 9,75,861 रह गई है। सक्रिय मामले शनिवार को 3790, रविवार को 3140 और सोमवार को 7525 कम हुए थे। पिछले चार दिन में संक्रमण के नये मामलों में भी गिरावट का रुख दिखाई दिया है और पिछले 24 घंटे में 75,083 मामले सामने आये हैं जबकि कुछ दिन पहले इनकी दैनिक संख्या 95 हजार से अधिक थी। संक्रमितों की कुल संख्या 55,62,664 पर पहुंच गई है। इसी अवधि में 1,053 मरीजों की मौत हो गई, जिससे संक्रमण से अब तक जान गंवाने वालों की संख्या 88,935 हो गई है। ठीक होने वालों की दर 80.86 प्रतिशत हो गई है। देश में सक्रिय मामले 17.54 प्रतिशत तथा मृत्यु दर 1.60 फीसदी है।

### पहले युवक ने कई बार किया नाबालिग का रेप, फिर दोस्त के साथ मिलकर किया गैंगरेप, गिरफ्तार



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक नाबालिग लड़की से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में लड़की की शिकायत पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना पुराने शहर के टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र की है। पुलिस अधिकारी ने इस मामले की जांच के लिए विशेष टीम बनाई थी। इस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर श्याम नगर में रहने वाले आरोपी सागर रैकवार और कच्ची मस्जिद के पास रहने वाले जफरउद्दीन को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों ने नाबालिग लड़की के साथ रेप करने की बात कबूल की। आरोपी सागर रैकवार शादी पार्टियों में लाइट लगाने का काम करता था। लड़की की मां भी आरोपी सागर के साथ काम करती थी। एक साथ काम करने की वजह से दोनों के बीच जान पहचान हो गई। इसी का फायदा उठाकर आरोपी नाबालिग के घर आने जाने लगा।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# 22 दुकानदारों व तम्बाकू सेवन करने वालों से बसूले 2230 रुपए



पुष्पांजली टुडे

**दतिया /** तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों एवं इसका सेवन करने वाले लोगों के आज चालान काटे गए। जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति दतिया के नोडल अधिकारी डॉ. के. के. अमरया, समिति सदस्य व वरिष्ठ समाजसेवी पीएलव्ही रामजीशरण राय, पीएलव्ही सरदारसिंह गुर्जर एवं मोहनीश दुबे के साथ ही नगर पालिका परिषद वार्ड प्रभारी विनोद कुमार लंगोड़िया, राजेंद्र अहिरवार सहित सघन चालानी कार्यवाही को अंजाम दिया।

समिति सदस्यों ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चालानी कार्रवाई में स्टेशन रोड, गोविंद धर्मशाला व झाँसी चुंगी पर दुकान संचालकों के साथ ही तंबाकू से बने तंबाकू से बने पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। कुछ लोगों ने चालान की राशि देने में आनाकानी की तो कुछ ने बहानेबाजी भी की। कुछ के द्वारा धमकियां भी दी गई। दल ने सबका सामना करते हुए वैधानिक कार्यवाही को अंजाम

**तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत की गई की गई चलानी कार्यवाही**

दिया। उक्त चालानी कार्यवाही दल में सम्मिलित रामजीशरण राय व सरदार सिंह गुर्जर ने सदस्यों ने दुकानदारों को प्रदर्शन कर विक्रय न करने व उपयोग करने वालों को सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू से बने पदार्थों का उपयोग ना करने की हिदायत दी। यह कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन है। उक्त जानकारी नोडल अधिकारी डॉ. के.के. अमरया ने दी। उन्होंने बताया कि कानून के तहत धारा 4 व 5 में चालानी कार्यवाही को अहम दिया जा रहा। मोहनीश दुबे ने अधिनियम के तहत तैयार कार्ययोजना अनुसार प्रत्येक माह तैयार कार्ययोजना तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत बस स्टैंड के आसपास की गई चालानी कार्यवाही की जावेगी।

## परियोजना मुरैना ग्रामीण की अनंतिम सूची जारी

**मुरैना।** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास मुरैना ग्रामीण की जानकारी के अनुसार बताया कि परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पद की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में दावे आपत्तियां 30 सितंबर तक आमंत्रित की गई हैं। जानकारी के अनुसार बताया गया है कि खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक 18 सितंबर को आयोजित की गई थी। जिसमें ग्राम पंचायत पिछोला की आंगनवाड़ी केन्द्र कच्चापुरा 42 में कार्यकर्ता पद हेतु श्रीमती रितु तोमर पत्नी अमित तोमर को प्रथम एवं गिरजेश/श्री जगदीश को द्वितीय, आंगनवाड़ी केन्द्र छिचावली 234 में कार्यकर्ता पद हेतु श्रीमती राधा देवी पत्र श्री देवेन्द्र सिंह प्रथम और श्रीमती अर्चना पति श्री जसवंत को द्वितीय, ग्राम पंचायत दीखतपुरा के आंगनवाड़ी केन्द्र 62 में सहायिका पद हेतु कुमारी नीतु पिप्पल पुत्री श्री बनवारी पिप्पल को प्रथम, श्रीमती माया पति प्रताप सिंह को द्वितीय तथा आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 190 नावली में सहायिका पद हेतु श्रीमती पूजा पत्नी श्री मनीष को प्रथम और श्रीमती सीता पत्नी सतीश कुमार को द्वितीय स्थान पर रखा गया है।




## अम्बाह आज सहकारी बैंक में सबको साख सबका विकास कार्यक्रम के दौरान बैठक का आयोजन किया गया...

केशब पंडित जी अम्बाह...

**अम्बाह।** मध्य प्रदेश शासन के द्वारा अम्बाह की सहकारी बैंक में सबको साख सबका बिकाश के दौरान के अन्तर्गत आज अहम कार्यक्रम हुआ जिसमें में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिह जी व सहकारिता मंत्री अरबिन्द सिह भदौरिया ने लाइव प्रोग्राम कृषकों पशुपालको एव मत्षय को क्रेडिट कार्ड बितरण कर एव 800 करोड रूपये जिला सभी बैको को सहायता देने को कहा है उक्त कार्यक्रम में अम्बाह शाखा प्रबधक बिकाश गुप्ता रामनिवास सिह तोमर मुन्ना सिह तोमर दिमनी रबिन्द्रनाथ सिह तोमर सुरेन्द्र त्यागी के सीली का लाभ लेचुके है और कई किसान भाई एवं स्टाफ के लोग उपस्थित कार्यक्रम में रहै है...

## बानमोर परियोजना की अनंतिम सूची जारी

**मुरैना।** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास मुरैना ग्रामीण की जानकारी के अनुसार परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पद की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में दावे आपत्तियां 30 सितंबर तक आमंत्रित की गई हैं। ग्राम पंचायत परीक्षा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्रीमती मनीषा धारिया पत्नी राजकुमार धारिया को प्रथम, कुमारी सोनम पुत्री बहादुर सिंह तोमर को द्वितीय, आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक जरेरूआ में कार्यकर्ता पद हेतु नूरी बानो पत्नी संजय खान को प्रथम और प्रीती पुत्री मंगल सिंह को द्वितीय स्थान पर चयनित किया है। इस संबंध में दावे आपत्तियां 30 सितंबर तक परियोजना में आमंत्रित की गई हैं।

# हरिशचन्द्र को अब खेती किसानी कार्य के लिये किसी से उधार पैसा नहीं लेना पड़ेगा

**मुरैना।** सबकों साख-सबका विकास कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना जिले के गांव धूरकूड़ा के रहने वाले श्री हरिशचन्द्र से लाइव ऑनलाइन बात की। श्री हरिशचन्द्र एक साधारण कृषक है, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उन्होंने उन्नत खेती करने की ठान ली है, क्योंकि वे खुद बीएससी किये हुये है, अब उन्नत खेती करने के लिये उन्हें किसी से ब्याज पर पैसा नहीं लेना पड़ेगा। क्योंकि कॉपरेटिव बैंक से 79 हजार 554 रूपये का ऋण स्वीकृत हो गया है। जिसमें लगभग 21 हजार रूपये प्रथम किस्त के रूप में मिल चुके है। ऋण लेने के पश्चात् श्री हरिशचन्द्र अब घर बैठे ही तकनीकी एवं जैविक खाद अपनाकर खेती से अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। श्री हरिशचन्द्र ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को बताया कि उनके पास कुल 3 पशु हैं। मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सबको साख सबका विकास कार्यक्रम के माध्यम से लाइव की बात**

श्री चौहान ने श्री हरिशचन्द्र से वर्तमान खेती जैसे बाजरा आदि की जानकारी ली एवं शून्य प्रतिशत ब्याज पर सहकारिता से लाभ किस प्रकार लिया। इस पर श्री हरिशचन्द्र ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि 2 हजार रूपये लेने के लिये बैंक पहुंचा, तब मुझे मालूम पड़ा कि किसानों के लिये भी खेती करने के लिये केसीसी बैंक द्वारा बनाई जाती है। तब मैंने मैनेजर से जानकारी ली और सोसायटी के बलराम कुशवाह से अपनी केसीसी के आवेदन भरकर जमा किये। जिसमें आईडी, जमीन की किताब, बैंक पासबुक, खसरा-खतौनी आदि 3 माह पूर्व दिये थे। आज मैं किसान क्रेडिट कार्ड मालिक बनकर स्वयं को गौरवान्वित मेहसूस कर रहा हूं। मेरे जीवन के अहम छड़ है, जो कि मैं सपनों में भी नहीं सोच सकता था। मैं आज प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से रूबरू होकर बात कर रहा हूं। मेरी और मुख्यमंत्री जी की बात पूरा प्रदेश सुन रहा है। मुझे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं भी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप और भविष्य में तरक्की करें, उन्नति करें और खुशहाल रहे।

## दूषित पेयजल और संक्रमित खाद्य पदार्थों के उपयोग नहीं करें, टाईफाईड से बचें

**मुरैना।** वर्तमान मौसम परिवर्तन की स्थितियों में सामान्य रूप से टाईफाईड और जलजनित बीमारियों से प्रभावित होने की आशंका आमजन के लिए बढ़ जाती है। टाईफाईड यानी मोतीझरा जिसे सामान्य भाषा में मियादी बुखार कहा जाता है, टाईफाईड सालमोनेला टाईफी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। ये बेक्टीरिया सामान्यतया दूषित पानी या संक्रमित खाद्य पदार्थों में ही पनपता हैं। दूषित पानी या संक्रमित भोज्य पदार्थ का उपयोग करने से व्यक्ति बीमार हो जाता है। तेज बुखार के साथ उल्टी, बदन दर्द, कमजोरी, सिरदर्द, पेटदर्द, भूख ना लगना आदि टाईफाईड के मुख्य लक्षण है। लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर उचित जांच एवं उपचार कराना चाहिए। पेयजल छानकर एवं उबालकर उपयोग करें, बाहर का खाना खाने से बचें। ठेले पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों एवं पेय पदार्थों का उपयोग नहीं करें। फल या सब्जी को पानी से धोकर ही उपयोग करें। खाना खाने से पहले अपने हाथ साबुन से अच्छी तरह धोएं। व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखें। किचन में भोज्य पदार्थ ढांक कर रखें। पानी पीने के लिए हेंडल वाले मग का उपयोग करें। बासी भोजन का प्रयोग ना करे, ताजा भोजन करें। दरवाजों के हैंडल, टेलीफोन व नल पर होने वाली गंदगी से बचें। नियमित तथा तेज बुखार के साथ उल्टी की शिकायत होने पर नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक से संपर्क करें। सभी सरकारी अस्पतालों में टाईफाईड की जॉच उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।

# समस्त विभाग के अस्थाई कर्मचारी अपने मुद्दों को लेकर चले राजभवन कश्मीर

रघुवीर ठाकुर

**रियासी /** जम्मू कश्मीर के सभी विभागों के अस्थाई कर्मचारियों ने आज रियासी में एक प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने कहा की जम्मू कश्मीर के सभी विभागों के अस्थाई कर्मचारी चाहे वह नगरपालिका के हो पीडब्ल्यूडी के हो पी एच ई के हो या पी डी डी के हो सभी एकत्रित होकर राजभवन की तरफ पैदल कूच करेंगे। गौरतलब है कि इन सभी विभागों के अस्थाई कर्मचारियों की मांगों को हमेशा से सरकार व प्रशासन की ओर से अनसुना किया जा रहा है। जब यह लोग हड़ताल करते हैं तब प्रशासन का या संबंधित विभाग का अधिकारी आकर इन लोगों को आश्वासन देकर जाता है कि आप



हड़ताल बंद करो और काम पर लौट जाओ हम आपके सभी मुद्दों को हल करेंगे लेकिन होता इसके बिल्कुल विपरीत है जैसे ही हड़ताल खुलती है वैसे ही अधिकारी इन लोगों को भूल जाते हैं। आज की प्रेस वार्ता में इन्होंने कहां की हर बार उनके साथ धोखा होता आया है लेकिन इस बार हम किसी के बहकावे में नहीं आएंगे और इस बार अनिश्चित काल तक हड़ताल जारी रखेंगे।

## संक्रमण से बचाव: आधार कार्ड अपडेशन जारी रखा जाए

# डीएम, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए संक्रमण के बचाव के उपाय अपनाने के निर्देश

**धौलपुर।** आधार कार्ड सीडिंग अपडेशन प्रक्रिया को निरन्तर जारी रखने को लेकर सोमवार को कलेक्टर राकेश कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर ने अग्रणी बैंक अधिकारी को आधार कार्ड अपडेशन प्रक्रिया को निरन्तर जारी रखते हुए आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड के आधार पर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन को मिलता है, इसलिए बैंक एवं पोस्ट ऑफिस तथा सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा बनाए जा रहे आधार कार्ड की प्रक्रिया में गति प्रदान करें। इस दौरान कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए अपना बचाव करने के लिए टोकन व्यवस्था प्रणाली अपनाना सुनिश्चित करें। व्यक्तियों को सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए बैंक एवं पोस्ट ऑफिस व सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा बनाये जा रहे आधार कार्ड वाली जगहों पर खिड़की, शैड आदि की व्यवस्था करते हुए सोशल डिस्टेनसिंग की पालना करें। उन्होंने सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आधार कार्ड बनने वाले केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि बैंक एवं पोस्ट ऑफिस के केन्द्रों का प्रतिदिन की लिस्ट बनाकर भिजवाएं। जिससे मूल्यांकन किया जा सके कि किस संस्था द्वारा कितने आधार कार्ड बनाए गए है। उन्होनें कहा कि सभी आधार केन्द्रों पर आधार नामांकन निशुल्क किए जाने का वोर्ड लगावाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आधार केन्द्रों पर आधार नामांकन के लिए कोई भुगतान लेता हुआ पाया जाता है या इस प्रकार की कोई शिकायत मिलती है तो उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि आधार नामांकन केंद्र का पहला उद्देश्य आधार के लिए नए आवेदकों का रजिस्ट्रेशन करना और आधार कार्ड धारकों को उनकी आधार जानकारी और अन्य सुविधाओं को अपडेट करने के लिए सहायता प्रदान करना है। अग्रणी बैंक के अधिकारी किशोर चिलाना ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने के लिए बैंक ऑफ इंडिया, सिंडीकेट बैंक और एसबीआई कचहरी परिसर शाखा एवं बाड़ी बसेड़ी एक एक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के 8 एवं पोस्ट ऑफिस में आधार केन्द्र संचालित है।

## आईटीआई - त्रुटि सुधार और नवीन पंजीयन की तिथि 28 तक'

**मुरैना।** प्रदेश में स्थित समस्त आईटीआई में नवीन सत्र अगस्त 2020 में प्रवेश के लिए एक व दो वर्षीय व्यवसाईयों में विभिन्न कोर्स में ऐसे अभ्यर्थी, जिनका फार्म में त्रुटी होने के कारण प्रवेश नहीं हो सका अथवा देर से पता होने के कारण पंजीयन नहीं करा सके। ऐसे विद्यार्थियों के लिए 28 सितंबर तक तिथि बढ़ाई गई है।

## महिला पुष्पा सीरवी ने सड़क दुर्घटना हादसे में एक परिवार को बचाने में एम्बुलेंस में बैठाकर हॉस्पिटल पहुंचाया

प्रेस –नारायणलाल सैणचा

**पाली /** मारवाड़ जंक्शन से पाली जाने वाली रोड़ पर गांव जोगावास व गांव चांवाडिया के बीच में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हादसे से एक्सीडेंट बाल बाल बचे। एक परिवार के दम्पती के साथ अपने बच्चे के साथ भड़ी मजदूरी करके घर की जा रहे थे जो अपनी दो पहिया वाहन मोटरसाइकिल से ये घटना शांय 7.30 से 8 बजे के बीच की है उस समय थोड़ा अंधरे भी था। जो पीछे से चार पहिया वाहन कार ने जोरदार टक्कर मारने से तीनों नीचे गिर पड़े जिसे दोनो दम्पती व बच्चे को जोरदार (एक्सीडेंट) दुर्घटना गंभीर चोटें आई।उस समय कार वाला टक्कर मार के चला गया व उस समय रोड़ पर कोई मौजूद नहीं था।जिसे तीनो जीव बचाने की गुहार लगा रहे व बहुत ही तड़प रहे थे। हालत देखी नही जाती ऐसी स्थिति में थे ,कुछ ही मिनटों बाद राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति की गुजरात महिला अध्यक्षा पुष्पा सीरवी उसी रोड से गुजर रही थी जो ये घटना देख रूक कर तीनो को संभाला और तुरंत फोन निकाल कर एम्बुलेंस को फोन कर आपबीती बताई और कुछ ही देर बाद एम्बुलेंस आने के बाद पुष्पा सीरवी ने उन तीनों को एम्बुलेंस में बैठाया ओर हिम्मत दिलाई की कुछ नही आप सभी ठीक है और हॉस्पिटल में आपको ये एम्बुलेंस लेकर जा रही है यदि वँहा किसी तरह की ज्यादा तकलीफ हो तो मुझे जरूर बताना फोन करके जरूर मदद के लिए आवउंगी व एम्बुलेंस ने तीनो को लेकर हॉस्पिटल मारवाड़ जंक्शन पहुंची। साथ ही पुष्पा सीरवी ने अपनी जिम्मेदारी समझकर ओर परिवार का हिस्सा मानकर मानवता के लिए उनकी मदद आगे आई कहा चाहे कोई भी समुदाय या अन्य जाती के लोग क्यों नही हो हम सभी को ऐसे हादसे के लिए हमेशा सहयोग के लिए आगे आना चाहिए ताकि समय रहते किसी प्राणी की जान बच सके, ये कार्य पुष्पा सीरवी भायल ने किया इसके लिए आपको हृदय से बहुत बहुत धन्यवाद जो मानवता के लिए आपने किया।



पुष्पांजली टुडे समूह की ओर से जन्मदिन की
**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**
**आकांक्षा माहेश्वरी**



# विकलांगो को प्रदान की गई यूनिक हैंडिकैप्ड आईडी

शाहनवाज खान संवाददाता

**श्योपुर /** जिला श्योपुर विकलांग बल के जिला अध्यक्ष विनोद पाठक के द्वारा श्योपुर जिले के विकलांग भाइयों बहनों को काफी समय से लंबित पड़ी हुई उनकी यूनिक हैंडिकैप्ड आईडी का वितरण किया गया। जिनमे विकलांग बहिन सुनीता गोयल, भाई महेश शर्मा, चेतन शर्मा, रामदयाल गोयल, केशव मित्तल, हेमंत राठौर, सय्यद नरुल हसन, योगेश सुमन, अफसर खान आदि हैं। इन सभी विकलांग भाई बहिन को उनके घर जाकर जिला विकलांग बल के अध्यक्ष विनोद पाठक द्वारा उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उनके घर जाकर यूनिक हैंडिकैप्ड आईडी प्रदान की गई। शासन के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के नियम द्वारा इस आईडी के द्वारा सभी विकलांग भाइयों को आवागमन जैसे बस आदि परिवहन के साधनों में 50त्नकिराए की छूट का लाभ मिल सकेगा।



# भाजपा-कांग्रेस उलझी रेत खदान में बसपा उतरी मैदान में: विनोद तिवारी

## 23 को दबोह में नगर की समस्याओं को लेकर बसपा तहसीलदार को सौपेंगी ज्ञापन

**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** भाजपा और कॉग्रेस रेत खदानो में उलझी है परंतु बहुजन समाज पार्टी ने हमेशा जनता की समस्याओं को सुना है और उनके साथ डंटकर भी खड़ी रही है और हमेशा रहेगी यह बात बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी जिला सचिव डॉ.विनोद तिवारी ने दबोह में आयोजित प्रेसवार्ता में कही।प्रेसवार्ता के दौरान डॉ.विनोद तिवारी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी लगातार किसानों,गरीबो व आमजनता की आवाज को उठाने का काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी क्योकि कॉग्रेस और भाजपा को तो सिर्फ रेत की खदानों से मतलव है न कि आमजनता किसानों की परेशानी से।उन्होंने बताया कि वैसे तो दबोह नगर में समस्याएं बहुत हैं परन्तु इन भीषण गर्मी में अभी जनता बिजली से परेशान है।उन्होंने बताया की पूरे लहार विधानसभा क्षेत्र में बिजली कटौती लोगो की एक बड़ी समस्या बनी हुई है इसी क्रम में नगर दबोह में भी विधुत व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है।उमस भरी भीषड़ गर्मी में लोग दिन भर आँख मिचौली खेलती बिजली के कारण बेहाल हुये जा रहे है परंतु बिजली की हर घण्टे आंख मिचौली दिन हो या रात तो बंद होने का नाम ही नही ले रही है उन्होंने बताया कि दबोह नगर के ट्रांसफार्मरों पर विधुत विभाग दबोह द्वारा पम्पो के कनेक्शन बांट दिए गए है जिसके चलते रात होते ही किसान पम्प चालू कर लेते है और नगर की विधुत सप्लाई के बोल्टेज इतने कम हो जाते हैं इतनी गर्मी में पंखे तो छोड़ो लोग के घरों में लगे बल्ब भी नही जल पाते हैं।जिससे पूरी रात लोगो को गर्मी में ही निकालनी पढ़ती है।जबकि सिटी के ट्रांसफार्मर से पम्प



कनेक्शन देने नियमो के खिलाफ है।

**आवास योजना में भटक रहे हितग्राही अपात्रो को मिल गई आवास की मलाई**–इसी क्रम में बसपा नेता डॉ.विनोद तिवारी ने नप दबोह पर निशाना साधने हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू तो हितग्राहियों के लिए की गई थी परंतु उसका लाभ पात्र लोगो की जगह अपात्र लोगो को दिया जा रहा है उन्होंने बताया की ऐसा सिर्फ दबोह ही नही बल्कि पूरे लहार क्षेत्र की हर नप व हर ग्राम पंचायत के चल रहा है और अगर कहीं किसी पात्र हितग्राही का आवास पास हो भी जाता है तो उनसे पैसो की मांग की जाती है तब कहीं जाकर आवास बन पाता है।उन्होंने कहा कि आवास योजना में का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले इसके लिए हम सभी लोग मिलकर गरीबो की आवाज प्रशासन तक पहुंचाएगे और उनको उनका हक दिलाएंगे।

**गौ शाला व शमशान घाट पर भी साधा निशाना**–प्रेस वार्ता के दौरान बसपा नेता डॉ.विनोद तिवारी ने आवारा गायो को लेकर चिंता जताते हुए गौशाला पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दबोह नगर में अभी गौशाला का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमे घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसकी जांच अवश्य होनी चाहिए।इसी तारम्भ में उन्होंने नगर में श्मशान घाट न होने पर भी अपनी नाराजगी जाहिर की उन्होंने कहा कि इतनी भरी आवादी वाला क्षेत्र और दबोह में शमशान घाट न होना बड़ा ही चिंता का विषय है।लोगो को शव जलाने के लिए गन्दी जगह जाना पड़ता है।जिससे उन्हें बहुत परेशानी होती है।

**23 सितम्बर को समस्याओ के सम्बंध में रैली निकालकर बसपा सौपेंगी ज्ञापन**–दबोह नगर में आयोजित बसपा की प्रेसवार्ता में विधानसभा अध्यक्ष महाराज सिंह दौहरे ने बताया कि आज 23 सितम्बर 2020 को दबोह नगर की जटिल समस्याओं को लेकर बसपा रैली तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौपेंगी।यह रैली नदीगांव मोड़ चौक मोहल्ला से कोरोना वायरस महामारी के नियमो का पालन करते हुए शुरू होगी और तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंप उनसे समस्याओ के निराकरण के लिए निश्चित समय की मांग करेगी।इस दौरान प्रेसवार्ता में जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह कुशवाह,विधानसभा उपाध्यक्ष दिनेश दौहरे,शिवचरण कुशवाह वरिष्ठ नेता,मातादीन कुशवाह पूर्व प्रत्याशी,माताप्रसाद बौद्ध नगर अध्यक्ष दबोह,गोटीराम प्रजापति,रामलखन बौद्ध,रविन्द्र कुमार,रामरतन कुशवाह,सुरेश बौद्ध के साथ दशरथ सिंह व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

दैनिक पुष्पांजली टुडे






### मानसून के विदाई की संभावना नहीं

# भोपाल में कल से दो-तीन दिनों तक अच्छी बारिश के आसार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश से अभी मानसून के विदाई की संभावना नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना मानसूनी सिस्टम (कम दबाव का क्षेत्र) सोमवार शाम तक ओडिशा के समुद्र तट पर था। यदि यह मजबूत हो गया और इसकी रफ्तार धीमी रही तो राजधानी भोपाल में बुधवार से दो-तीन दिन अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। हल्की या मध्यम बारिश के रूप में मंगलवार शाम से ही इस सिस्टम का असर दिख सकता है।

यह सिस्टम बंगाल की खाड़ी से चलकर ओडिशा के उत्तरी समुद्र तट से आगे बढ़कर ओडिशा को पार कर छत्तीसगढ़ होते हुए पूर्वी मध्य प्रदेश पहुंचेगा। वहीं, भोपाल में सोमवार को बादल छाए रहने के बावजूद तपिश और उमस बरकरार रही। दिन का तापमान 32.4 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार के मुकाबले इसमें 0.9 डिग्री की गिरावट हुई। रात में कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि एक सितंबर से राजस्थान के उत्तरी हिस्से से मानसून के विदाई की शुरुआत होती है, लेकिन वहां से यह अभी शुरू ही नहीं हुई। इसी कारण भोपाल से सितंबर में मानसून की विदाई के आसार नहीं हैं।

# आदिम जाति कल्याण विभाग में योजनाओं का कम्प्यूटराईजेशन

आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों के आधार लिंक बैंक खातों में हो रहा है भुगतान

रायसेन**रायसेन।** आदिम जाति कल्याण विभाग में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ आनलाईन डी.बी.टी. (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से दिये जाने के लिये योजनाओं का कम्प्यूटराईजेशन किया गया है। इस काम के हो जाने से हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में योजनाओं का भुगतान किया जा रहा है। योजनाओं में हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण के अंतर्गत आदिवासी वर्ग के 9 लाख 40 हजार हितग्राहियों का प्रोफाइल पंजीकरण किया गया है। पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 78 हजार 688 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति/ शिष्यवृत्ति की 115 करोड़ की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से उनके आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान किया गया है। विभाग की एक अन्य आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2019-20 में 29 हजार 871 विद्यार्थियों को 36 करोड़ 76 लाख रूपये की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से उनके बैंक खातों में भुगतान की गई है। प्रतिभा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में 34 विद्यार्थियों को 9 लाख रूपये की राशि उनके बैंक खातों में भुगतान की गई है। शिक्षक प्रोफाईल पंजीकरण के अंतर्गत अध्यापक संवर्ग के 55 हजार अध्यापकों का विभाग में आनलाईन संविलियन आदेश जारी किया गया है। आदिम जाति कल्याण विभाग की छात्रावास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में 1563 विभागीय छात्रावासों में 57 हजार 274 विद्यार्थियों को करीब 75 करोड़ रूपये की राशि आनलाईन भुगतान किये जाने के लिये ऑनबोर्ड की गई है।

## जिले में अब तक 1322.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रायसेन।** जिले में 01 जून 2020 से 22 सितम्बर 2020 तक 1322.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 401 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2020 से 22 सितम्बर 2020 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 1049.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1150.4, बेगमगंज में 1308, सिलवानी में 1140.8, गौहरगंज में 1544, बरेली में 1255, उदयपुरा में 1695.7, बाड़ी में 1412.5 और वर्षामापी केन्द्र सुल्तानपुर में 1344 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# मप्र में कांस्टेबल ने प्रेमिका के चक्कर में कर दी पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के जतारा थाना क्षेत्र में बांदा (उत्तर प्रदेश) में पदस्थ एक कांस्टेबल ने पत्नी की हत्या के बाद उसे दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा मौका का मुआयना करने और फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद स्थितियां संदेहास्पद लगी। इसके बाद कड़ाई से पूछताछ करने पर कांस्टेबल ने पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।

जतारा थाना प्रभारी हिमांशु चौबे ने बताया कि सोमवार सुबह करीब पांच बजे जतारा-लिधौरा रोड पर श्मशान घाट के पास मोहरा गांव में कार दुर्घटना की सूचना आई। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी कैलाश पुत्र रमोले गौतम निवासी मरकुआ थाना गरौठा जिला झांसी (उप्र) ने बताया कि वह 25 वर्षीय पत्नी रजनी गौतम के साथ छिपरी (टीकमगढ़) जा रहा था। वहां पत्नी का पथरी का इलाज कराना था। तभी सामने से एक पिकअप वाहन ने कार की तरफ गाड़ी




दबा दी, जिसे बचाने के प्रयास में गाड़ी असंतुलित हो गई और पत्नी को चोट आने के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस को कैलाश की बातों पर शक हो गया, क्योंकि जांच में मृतका के सिर पर दाहिनी ओर भौंतेले हथियार से चोट पाई गई, जबकि कार के बाई ओर के दरवाजे के ऊपर का शीशा टूटा था। कड़ाई से पूछताछ में कैलाश ने पत्नी की हत्या करना स्वीकार कर लिया। थाना इंचार्ज ने बताया कि आरोपी ने पहले पत्नी की सिर में पत्थर मारा, फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी कैलाश बांदा की पुलिस लाइन में आरक्षक है। वह प्रेमिका के साथ रहना चाह रहा था, इसलिए पत्नी को रास्ते से हटा दिया।

## आईटीआई-त्रुटि सुधार और नवीन पंजीयन की तिथि 28 तक'

**रायसेन।** प्रदेश में स्थित समस्त आईटीआई में नवीन सत्र अगस्त 2020 में प्रवेश के लिए एक व दो वर्षीय व्यवसाईयों में विभिन्न कोर्स में ऐसे अभ्यर्थी, जिनका फार्म में त्रुटी होने के कारण प्रवेश नहीं हो सका अथवा देर से पता होने के कारण पंजीयन नहीं करा सके। ऐसे विद्यार्थियों के लिए 28 सितंबर तक तिथि बढ़ाई गई है। इस दौरान विद्यार्थी त्रुटि सुधार एवं नवीन पंजीयन ऑनलाईन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कौशल विकास संचालनालय की वेबसाईट पर जानकारी प्राप्त सकते है।

# हंगामेदार रहा मध्य प्रदेश विधानसभा का सत्र, धरने पर बैठे कमलनाथ, शिवराज की मंत्री ने मांगी माफी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा का एकदिवसीय सत्र काफी हंगामेदार रहा। सदन में जहां निजी अस्पतालों में कोरोना इलाज में हो रही लापरवाही के विरोध में हंगामा हुआ तो वहीं, सदन के बाहर शिवराज सरकार की मंत्री उषा ठाकुर के बयान के विरोध में नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ धरने पर बैठ गए। कमलनाथ के साथ कांग्रेस विधायक और जयस नेता हीरालाल अलावा भी धरने पर बैठे। विपक्ष ने सरकार से उषा ठाकुर को बर्खास्त करने की मांग की। हालांकि बाद में उषा ठाकुर ने अपने बयान के लिए माफी मांग ली। जयस नेता और कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा का आरोप है कि उषा ठाकुर ने महू में अपने एक बयान में जयस को देशद्रोही संगठन करार दिया था। उनका यह बयान आपत्तिजनक है, क्योंकि जयस आदिवासियों के उत्थान के लिए काम कर रहा है। लिहाजा सरकार को उषा ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। हीरालाल की इस मांग के समर्थन में



नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ भी उनके साथ धरने पर बैठ गए। हालांकि विपक्ष की इस मांग को सरकार ने खारिज कर दिया। कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस सड़क पर तो जनता के हितों की बात नहीं करती और सदन के भीतर राजनीति करने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। उन्होंने हीरालाल अलावा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विपक्ष को फिजूल के विषय पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। सदन के अंदर उषा ठाकुर का सबसे ज्यादा विरोध कांग्रेस के विधायक हीरालाल अलावा ने किया। पूर्व मंत्री सुरेंद्र बघेल ने भी यह मुद्दा उठाया। हीरालाल अलावा मध्यप्रदेश में जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन जयस के जनक हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव में जीत भी दर्ज की। जयस को लेकर दिए गए बयान के बाद मचे बबाल पर मंत्री उषा ठाकुर ने माफी मांग ली। उन्होंने कहा-मेरी भावनाओं से अथवा मेरे शब्दों से कोई आहत हुआ हो तो मैं क्षमा चाहती हूं। जनजातीय समाज के संगठन राजनीतिक दल के खिलौना न बनें। बेहतर हो कि सामाजिक उत्थान के काम करें। जनजातीय के बीच कुछ राष्ट्रविरोधी लोग और संगठन काम कर रहे हैं, उनसे सतर्क रहना जरूरी है।

## 'सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप के लिये आवेदन 31 अक्टूबर तक'र स्कॉलरशिप के लिये आवेदन 31 अक्टूबर तक'

***रायसेन।** उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटीस स्टूडेंट की नवीन छात्रवृत्ति के लिये छात्र 31 अक्टूबर 2020 तक आवेदन कर सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2020 में उत्तीर्ण टॉप 20 पर्सेंटाईल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति के लिये एवं वर्ष 2016 से वर्ष 2019 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर केवल ऑनलाइन आवेदन ही कर सकेंगे। सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप के लिये दिशा-निर्देश मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।*

# मप्र में कोरोना वायरस के 2523 नए मामले, 37 और लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 2,523 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही प्रदेश में इस वायरस से अब तक संक्रमित पाए गए लोगों की कुल संख्या 1,08,167 हो गई है। राज्य में पिछले 24 घंटों में इस बीमारी से 37 और व्यक्तियों की मौत की पुष्टि हुई है जिससे मरने वालों की संख्या 2,007 हो गई है।

मध्य प्रदेश के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से इंदौर में छह, भोपाल में पांच, जबलपुर एवं सागर में तीन-तीन, खरगोन, उज्जैन, रीवा एवं नरसिंहपुर में दो-दो और ग्वालियर, धार, रतलाम, बड़वानी, बैतूल, शहडोल, दमोह, कटनी, अनूपपुर, सिंगरौली, पन्ना एवं आगर-मालवा में एक-एक मरीज की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया, राज्य में अब तक कोरोना वायरस से सबसे अधिक 505 मौत इंदौर में हुई हैं, जबकि भोपाल में 363, उज्जैन में 89, सागर में 83, जबलपुर में 127 एवं



ग्वालियर में 104 लोगों की मौत हुई हैं। बाकी मौतें अन्य जिलों में हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में सोमवार को कोविड-19 के सबसे अधिक 419 नए मामले इंदौर जिले में आए हैं, जबकि भोपाल में 248, ग्वालियर में 220, जबलपुर में 251 एवं नरसिंहपुर में 98 नये मामले आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 1,08,167 संक्रमितों में से अब तक 83,618 मरीज स्वस्थ होकर घर चले गये हैं और 22,542 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार को 2244 रोगियों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में राज्य में कुल 8,400 निषिद्ध क्षेत्र हैं।

# 309 करोड़ से अधिक लागत से तैयार होंगी 306 जल संरचनाऐं

**इंदौर-उज्जैन संभाग के 7 जिलों की ग्रामीण आबादी को मिलेगा लाभ**

**भोपाल।** प्रदेश के इंदौर एवं उज्जैन संभाग के सात जिलों की ग्रामीण आबादी को नलजल योजना के अन्तर्गत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पानी की आपूर्ति किए जाने की योजना पर अमल प्रारंभ हो गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 309 करोड़ 51 लाख 95 हजार रूपये की स्वीकृति जारी की गई है और इन जिलों में जल संरचनाओं के निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। इंदौर संभाग के अन्तर्गत इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खंडवा तथा बुरहानपुर में 300 जल संरचनाओं के लिए जहाँ 302 करोड़ 36 लाख 86 हजार रूपये वही उज्जैन संभाग के मंदसौर जिले की 6 जल संरचनाओं के लिए 7 करोड़ 15 लाख 9 हजार रूपये रेट्रोफिटिंग योजना में स्वीकृत किए गये हैं। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए वर्ष 2023 तक का लक्ष्य रखा गया है। मिशन के अन्तर्गत प्रदेश की पूरी ग्रामीण आबादी को दृष्टिगत रखकर विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त डिजाइन एवं ड्राइंग का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जिला एवं संभाग इकाइयों द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

## औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थाओं के मध्य इंडिस्ट्री एकेडेमिया मीट 24 सितंबर को होगी

**भोपाल।** तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा 24 सितंबर को भोपाल के राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थाओं के मध्य इंडिस्ट्री एकेडेमिया कार्यशाला आयोजित की जा रही है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। सूक्ष्य, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।आयुक्त तकनीकी शिक्षा श्री पी. नरहरि ने बताया कि कार्यशाला में आई टी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, रिटेल क्षेत्रों के सभी प्रतिष्ठित संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्येश्य राज्य के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के बारे में जागरूक करना तथा औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के मध्य साझेदारी को बढ़ावा देना है। आयुक्त श्री नरहरि ने बताया कि कार्यशाला में उद्योग और शिक्षा के सहयोग में आ रही चुनौतियों के साथ ही हर प्रासंगिक हितधारक की भागीदारी न केवल उद्योग और शिक्षा के पारस्परिक लाभ के लिए बल्कि एक राज्य के रूप में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए स्पष्ट रोड मैप तैयार करने के लिए चर्चा कि जायेगी।

# गरीबी रेखा के नीचे के वास्तविक हकदारों को मिली अन्न सुरक्षा की गारंटी

**भोपाल।** राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा गारंटी के अंतर्गत अशोकनगर जिले की मुंगावली तहसील की श्रीमती सुनीता राय के परिवार में 4 सदस्य हैं। उनके पति का स्वर्गवास हो चुका है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाला यह परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राशन प्राप्त करने की पात्रता रखता था परन्तु राशन राशन कार्ड नहीं होने के कारण इन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा के अंतर्गत पात्र परिवारों को पर्ची वितरण की सूची में जब इनके परिवार का नाम शामिल किया गया तो इनकी खुशी का पारावार न रहा।

नये पात्र परिवारों में श्रीमती राय का नाम जुड़ने से माह सितम्बर से इन्हें एक रूपये प्रति किलो की दर से 20 किलोग्राम खाद्यान्न एवं एक किलोग्राम नमक राशन सामग्री के रूप में प्राप्त होने लगा है। इनके अलावा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत माह नवम्बर 2020 तक इनके परिवार को प्रतिमाह 20 किलोग्राम खाद्यान्न तथा एक किलोग्राम दाल निःशुल्क प्राप्त होगी जिससे इनकी रसोई की आवश्यकता प्रति माह पूरी हो सकेगी। इसके पहले श्रीमती सुनीता की रसोई में चूल्हा तो जलता था परन्तु धुँए के गुबार से पूरा घर भर जाया करता था। खाना कम खाँसने की आवाज ज्यादा सुनाई देती थी। उज्जवला योजना की रोशनी ने धुँए के गुबार को रसोई घर के बाहर निकाला। इनकी पुत्रवधू नेहा राय को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिलने से उनकी जिंदगी का धुँआ भी काफूर हो गया। भारत सरकार की उज्जवला योजना ने जहाँ श्रीमती सुनीता राय के रसोईघर से धुँए को बाहर कर दिया, वहीं मध्यप्रदेश सरकार की खाद्यान्न वितरण पात्रता पर्ची ने उनके जीवन से गरीबी के धुँए को भी घर के बाहर कर दिया। अब उनके घर से खुशियों की खिलखिलाहट सुनाई देती है।

## नगरीय निकायों में एक मतदान केंद्र में 1000 से अधिक नहीं होंगे मतदाता

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों के युक्तियुक्त करण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या अधिकतम 1000 रखी जाए।

# फल-सब्जियों के वैल्यू एडीशन और मार्केटिंग पर व्यय होंगे 7 हजार 440 करोड़ रूपए

**रायसेन।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अंतर्गत श्एक जिला एक उत्पादश योजना प्रारंभ की गई है। इसमें प्रत्येक जिले के एक उत्पाद को बढ़ावा देकर व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा। जिलों में पैदा होने वाली फल-सब्जी और फसलों की ग्रेडिंग, पैकिंग तथा बेहतर मार्केटिंग के लिये अगले चार साल में 7 हजार 440 करोड़ रूपए खर्च कर आवश्यक नेटवर्क विकसित किया जायेगा। हमारा उद्देश्य है कि किसान को उसके उत्पाद का वाजिब मूल्य मिले। कृषि उत्पादों के वेल्यू एडिशन के लिए राज्य सरकार हरसंभव कदम उठाएगी। जिलावार 17 कृषि उत्पादों और तकनीकी रूप से आवश्यक 36 गतिविधियों का चिन्हांकन कर लिया गया है। प्रत्येक स्तर पर आवश्यक मार्गदर्शन के लिये तकनीकी विशेषज्ञों, कृषि वैज्ञानिकों और वित्तीय तथा व्यापार प्रबंधकों की सेवाएं ली जाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में आयोजित मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर कृषि मिशन-एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड की बैठक को संबोधित कर रहे थे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री गिर्राज दंडोतिया, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री के.के. सिंह आदि उपिस्थत थे।

**अधिकतम दो करोड़ की क्रेडिट गारंटी और ब्याज में तीन प्रतिशत की छूट**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कृषि उत्पादों से संबंधित इकाईयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर कृषि मिशन कार्यालय की स्थापना की गई है। इसमें कृषि, सहकारिता, मत्स्य पालन उद्यानिकी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को पदस्थ किया जा रहा है। यह मिशन अधिकतम दो करोड़ रूपए तक की क्रेडिट गारंटी देगा, ब्याज में तीन प्रतिशत तक की छूट का भी प्रावधान रहेगा। यह मिशन राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा सिंगल विण्डो फैसेलिटी के रूप में कार्य करेगा। इसके तहत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना, निवेश क्षेत्र व एक्सपोर्ट क्लस्टर की पहचान, जिला स्तर पर विस्तृत प्रशिक्षण तथा गतिविधियों व सूचनाओं को डिजीटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराना आदि कार्य किए जाएंगे। मिशन द्वारा 15 बैंक से एम.ओ.यू.किया गया है।

**श्ई-मार्केटिंग प्लेटफार्म से जुड़ेंगे किसान**-प्रदेश के 17 जिलों से विभिन्न योजनाओं की



सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हो गई है। पाँच मॉडल डी.पी.आर. भी तैयार हैं। इफ्को द्वारा स्वर्ण आहार इकाई प्रदेश में स्थापित करने के लिए रूचि प्रकट की गई है। मिशन के तहत प्रदेश में 150 किसान काउंटर खोले जाएंगे, इनमें ई-मार्केटिंग प्लेटफार्म से किसानों को जोड़ा जाएगा।

**पारदर्शिता और पात्र व्यक्तियों का चयन आवश्यक**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कृषि से संबंधित इन गतिविधियों से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने मिशन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि इन गतिविधियों में किसान उत्पादक संगठनों के साथ-साथ स्व-सहायता समूहों को भी जोड़ा जाए। अनुदान वितरण में पारदर्शिता और पात्र व्यक्तियों का चयन सुनिश्चित किया जाए।

**जिलावार होगी फल-सब्जियों की मार्केटिंग**-श्वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टश् के अंतर्गत आगर-मालवा व राजगढ़ में संतरा, अलीराजपुर में सफेद मूसली, अनूपपुर, बालाघाट, सीधी व उमरिया में आम, अशोकनगर व गुना में धनिया, बड़वानी, दमोह, धार, सागर, सतना, झाबुआ, कटनी, रायसेन तथा शिवपुरी में टमाटर, बैतूल में काजू, भिण्ड, छिंदवाड़ा, देवास, ग्वालियर, मुरैना, उज्जैन और इंदौर में आलू, भोपाल व श्योपुर में अमरूद, बुरहानपुर में केला, छतरपुर, रीवा और शहडोल में हल्दी, जबलपुर में हरी मटर, मंदसौर, रतलाम और दतिया में लहसुन, पन्ना में आँवला, हरदा व खरगौन में मिर्च, होशंगाबाद में नींबू, शाजापुर व खण्डवा में प्याज और टीकमगढ़ तथा निवाड़ी में अदरक की ग्रेडिंग, सोर्टिंग तथा आवश्यकतानुसार राइपनिंग, कोल्ड स्टोरेज कोल्ड चैन सुविधा विकसित की जाएगी।

**कृषि उत्पादों के भंडारण व मार्केटिंग के लिए 36 परियोजनाएं**-प्रदेश में आत्मनिर्भर कृषि मिशन के तहत कृषि उत्पादों में वेल्यू एडिशन के लिए आधुनिकतम तकनीक पर आधारित 36 परियोजनाओं को जोड़ा गया है। इनमें वेयर हाउस, प्याज भंडारण सुविधा, होपर बॉटम सायलो, ग्रेडिंग एवं सॉर्टिंग, लहसुन, उन्नत बीज, कोंदो कुटकी, सफेद मूसली, मूंगफली, टमाटर, धनिया की ग्रेडिंग व पैकेजिंग यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, संतरा, कद्दू की ग्रेडिंग एवं स्टोरेज, आलू कोल्ड स्टोरेज, केला राइपनिंग स्टोरेज सेंटर, टमाटर एवं लहसुन सॉस उत्पादन इकाई, सीताफल प्रोसेसिंग यूनिट, सोया उद्योग यूनिट, आम आधारित उद्योग, मिनी राईस मिल, कम्बाइन हार्वेस्टर, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, केला टिशू कल्चर, कृषि सेवा केन्द्र/कॉमन सर्विस सेंटर, कृषि व्यवसाय विकास केन्द्र, ई-मार्केटिंग प्लेटफार्म, इफ्को बाजार, अजवाइन यूनिट, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, एलपीजी एजेंसी, पेट्रोल पम्प, बायो-डीजल, पशु आहार यूनिट तथा गुड़ की क्यूब उत्पादन इकाई शामिल हैं।



**हाय.... हैलो... लगता है आप आज ही आई है।**

**जी मैनें आज ही ज्वाईन किया है,**

**हूँ... मेरा नाम सुनील है, और आप।**

**जी प्रिया।**

**उफ्फ़ आप तो बिलकुल नाम के अनूरूप हो।**

**जी शुक्रिया,**

जी मैं सच कह रहा हूँ आप अपने नाम की तरह प्यारी हो, वैसे मैं यहाँ पर पिछले पाँच साल से हूँ, मेरी सभी से जान-पहचान है, कोई काम या परेशानी हो तो कहना, यूँ चुटकी बजा के काम करते हैं हम।

ओ. के.कभी कोई ऐसी बात हुई तो आप से कहेंगे।

तो फिर हम दोस्त ???

मुस्कराकर.. जी हाँ।

चलिए फिर तो एक कप चाए हो जाए। माफ़ किजिए.. बास ने कुछ अर्जेन्ट काम दिया है, पहले वो निपटा लूँ, ब्रेक में पी लेंगे। ब्रेक में सुनील प्रिया को कैंटीन गये, और दो चाय और कुछ खाने का आर्डर दिया, और प्रिया के साथ सट कर बैठता है।

सुनील प्लीज़ आप सामने वाली कुर्सी पर आ जाऐं।

अरे यार साथ दोस्त साथ में बैठे अच्छे लगते है दूर-दूर नहीं। हम तो वैसे भी दोस्तों को कभी अकेला नहीं छोड़ते।

चाय,स्नैकस आ गए, प्रिया आज हमारी दोस्ती का पहला दिन है, आज तो मैं अपने हाथों से खिलाऊँगा तुम्हें।

सुनील मेरे हाथ हैं,

अरे यार तुम तो बुरा मान गई, ओह तुम्हारे चेहरे पे कुछ लगा है, मैं हटा देता हूँ, चटाक... सुनील के चेहरे पर तमाचा,

तुम सब मर्द एक जैसे होते हो, मुझे नहीं चाहिए ऐसे दोस्त। आपने क्या समझा, कि आप अपनी चिकनी चुपड़ी बातों से मेरा चरित्र खरीदोगे, मिस्टर सुनील आज की औरत इतनी कमज़ोर नहीं रही, आज की औरत मर्द के साथ कँधे से कँधा मिला कर चलती है तो मुकाबला करना भी जानती है, अपना अस्तित्व बचाना भी। आप जैसे कुछ लोगो ने ही सँसार मे गँदगी फैलाई हुई है, शर्म आती है आप जैसे लोगों पर, और प्रिया वहाँ से उठ कर चली गई। सुनील को अपनी गल्ती का एहसास हो गया और प्रिया से माफ़ी माँगी और आज दोनो बहुत अच्छे दोस्त हैं। आफिस की उस पहली मुलाकात में ही प्रिया ने सुनील को बदल दिया।

**मौलिक एवं स्वरचित**

**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर )**

## एसिड अटेक



मेरी जिंदगी की एक शाम थी
मैं घर जा रही थी
कोई नहीं था साथ में
अकेली ही आ रही थी..
कुछ मनचले पीछा कर रहे
थे रोज की तरह
मैंने भी नजरंदाज कर दिया
रोज की तरह..
एकाएक चारों ओर से
घेर लिया मुझे
कुछ फेंका मेरे चेहरे पर
पानी जैसा लगा मुझे..
भाग गये सारे मुझ पर एसिड फेंक कर
मैं सड़क पे तड़प के गिर पड़ी
चेहरे की एक-एक हड्डी हो
जैसे गल गई..
जाने कौन ले गया उठाकर
किसने किया उपचार ?
मुझे होश आया तो परिजन
बैठे थे आस-पास..
मेरे सौन्दर्य के साथ मेरी आत्मा
भी मर गई
देखा जब आईना तो मैं
स्वयं से डर गई..
जिस चेहरे से पहचान थी
वह भयावह हो गया
जिसने किया था प्रेम को परिणय
तक पहुंचाने का वादा
वह अनायास ही मुकर गया..
जी रही हूँ आज भी एक
अलग पहचान से
जानते हैं सब मुझे और
देखते हैं मान से..
मेरी आत्मा मरी नहीं
जला है सिर्फ रूप ही
जीने के मायने बदल गये
हौंसलों ने संवार दी जिंदगी.....

## समर्पण भाव



हे पुरूष ! नारी के समर्पण भाव को,
तुम कदापि न समझ पाओगे इस अहसास को।
संस्कारों के नाम पर बंधीं बेड़यों को,
एक नारी के खोते हुए अस्तित्व को।
नारी मातृत्व की उस पीड़ा को,
नौ माह की उस अवस्था को।
उसके द्वारा प्रत्येक रिश्तों को पूर्णरूप से
निभाने की,
दर्द में भी उसके मुस्कुराने की।
हे पुरूष ! नारी के इस समर्पण का,
श्रृण न उतार पाओगे इस जीवन का।

## |समाज |



समाज एक ऐसा शब्द है जिससे एक मानव सभ्यता की कड़ी जुड़ी है,जिससे लोग एक दूसरे से जुड़े हैं और ये सर्फ एक तरह का दिखावा होता है। असल जिंदगी की तहज़ीब से यदि देखा जाय तो समाज मानव को एक दूसरे से जुड़ने व मुसीबत के समय मदद के लिए गडा गया होगा परंतु समय के चलते इसने ऐसा विकराल रूप धारण किया कि बजाय हित के वह मानव अहित के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा यहां तक कि अलग जाति,अलग धर्म,का अलग समाज हो रखा है। कोरोना काल में लोगों को छुआछूत का आभास तो हो ही गया है साथ ही साथ इसका भी आभास हो गया है कि यदि अपने पर ये मुसीबत आती है तो हमें अपनों की फिक्र सताने लगती है,तब समाज से हमें कोई लेना देना नहीं होता। कोरोना ने हमें बहुत सी हानियाँ तथा बहुत सी पीड़ाओं से अवगत कराया है,की यदि मानव प्रकृति का दुश्मन बना तो प्रकृति उसको कभी बख्शेगी नहीं, वरन सदियो से छुआछूत का आभास और घुटन में जीते शूद्रों के साथ जो भेदभाव होता था,उसका भी आभास आज सबने कर लिया कि कोरोना की वजह से जब अपने ही जाति के लोग समाज के लोग प्रथक कर दें तो कितनी घिनोनी पीड़ा होती है। यह दर्द तो उनसे पूछे जिनकी नसलें इसी घुटन में जीते जी मर गयीं। कहने को तो वोट बैंक और अपने फायदे के लिये 97त्न लोग हमें जाति से कोई फर्क नहीं पड़ता का इस्तेमाल करके अपना फायदा पूरा होते ही उसको ऐसे त्यागते जैसे कि वे कोई खोटे सिक्के जैसे हैं,परंतु वे जिन्होंने सदियो से बहुत कुछ झेला है ,वे शुक्रगुज़ार हैं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जिन्होंने दास काल का चक्र ही बदल दिया वो भी बिना किसी हथियार के उन्होंने सिर्फ और सिर्फ कलम का इस्तेमाल किया। आज भी बहुत से लोग ऐसे हैं जो आरक्षण का दोष बताते हुए अपने लचीलेपन को मजबूती के साम्राज्य घोषित करने की चेष्टा करते हैं,उन्हें पता होना चाइए की आरक्षण उनको इसलिये मिला है ताकि वे उस सीट पर बैठने के हकदार हो सकें,सदियों से ज़हरीले समाज का ज़हर पीकर जीने वालों को बाबा साहब की वजह से शुद्ध पानी पीने का हक़ मिला। वर्तमान सरकार भी कुछ इसी तरह के पहलुओं के साथ काम करती है कि वह दास को साथ तो रखती है परंतु बराबरी में बैठने का दर्जा कभी नहीं देती।ये उन शूद्रों के मुंह पर गहरा तमाचा है कि वह बाबा साहब की वजह से मिले उच्च पद पर होते हुए भी विरोध तो क्या खुद को गुलामी करने तक से नहीं छुटा पाते,उनको दिखाई ही नहीं देता की वे किस पद पर हैं उन्हें अनपढ़ ,अंगूठा छाप मनु भी अपना गुरु ही लगता है,लानत है उन दासों पर जिनके पूर्वजों ने गुलामी मजबूरी में की थी परंतु इन्होंने तो चुना है उस मजबूरी को, बजाय अपने कंधे पर बंदूक चलवाने के वे अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा से करें तो जाती कलंक स्वत~ही भारत देश से विलुप्त हो जायेगा।

**पल्लवी राहुल**

# महिलाओं को आर्थिक संबल देने के लिये शिवराज सरकार की क्रांतिकारी पहल

देश की कुल आबादी का 75 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है, जिनका प्रमुख आधार खेती रहा है। प्रारंभ से ही ग्रामीण महिलायें खेती कार्य में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य करती रहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्र की महिला शक्ति को पहचान कर मध्यप्रदेश सरकार ने उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया है। ग्रामीण अंचलों में महिलाओं द्वारा छोटी-छोटी बचत और घर पर बनाई गई वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिये क्रांतिकारी पहल मध्यप्रदेश में हुई है। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिये व्यापक स्तर पर महिलाओं को मदद का सिलसिला शुरू किया गया है, जिससे वे अपने हुनर को बढ़ाकर अपनी आय का स्थाई जरिया कायम कर सकें। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये प्रभावी कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्ययोजना को मूर्तरूप देने के लिये ÷बूस्टर डोज÷ के रूप में राज्य शासन द्वारा इस वर्ष महिला स्व-सहायता समूहों को बैंकों के माध्यम से दी जाने वाली सहायता सीमा 300 करोड़ से बढ़ाकर 1400 करोड़ रूपये कर दी गई है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि बैंक ब्याज दर चार प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी। इसके ऊपर का ब्याज राज्य सरकार देगी। सम्पूर्ण प्रदेश के महिला स्व-सहायता समूहों की 33 लाख महिलाओं को स्व-रोजगार की दिशा में बढ़ावा देने के लिये की गई इस नवीन व्यवस्था से प्रदेश की महिलाएं सशक्त होंगी। सशक्त महिलाएँ ही प्रदेश को सशक्त बना सकती है। उन्हें आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर करने और स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों और विपणन के लिये स्व-सहायता पोर्टल भी तैयार किया गया है। प्रदेश सरकार के मुखिया श्री शिवराज सिंह चौहान बेटियों और महिलाओं के प्रति अति संवेदनशील है। उनका मानना है कि भारतीय परंपरा में बहन-बेटी का सम्मान सर्वोपरि है, अत~ बहन-बेटियों को समाज में बराबरी का स्थान मिले इसके लिये राज्य सरकार हर पहलू पर कार्य कर रही हैं। प्रदेश की महिलाओं ने कोरोना काल में यह सिद्ध करके दिखा दिया कि वे हर विपदा से बचाने में सक्षम है। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाये गये मास्क और पीपीई किट ने आम लोगों और सरकार की बहुत सहायता की। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये तैयार की गई सामग्री काफी उपयोगी साबित हुई। मध्यप्रदेश के कई ग्रामीण अंचलों में संचालित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा अनेक ऐसे उत्पाद तैयार किये जा रहे है, जो न केवल उनके क्षेत्र में अपितु प्रदेश एवं अन्य राज्यों में भी पहचाने जा रहे है। गाँव के इस हुनर को आगे बढ़ाने के लिये प्रदेश सरकार प्रोत्साहन के साथ-साथ उन्हें आर्थिक मदद भी उपलब्ध करवा रही है। राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अब सरकारी खरीदी में स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रदेश में अब महिला स्व-सहायता समूहों को आंगनवाड़ी केन्द्रों में वितरित होने वाले रेडी-टू-ईट पोषण आहार और शाला स्तर पर गणवेश निर्माण का कार्य दिया जा रहा है। इन कार्यों में स्व-सहायता समूहों को पूर्ण स्वायत्तता रहेगी। इससे प्रदेश में ÷लोकल को वोकल÷ बनाने का सिद्धान्त सार्थक होगा। स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये उन्हें उत्पादन, पैकेजिंग, मार्केटिंग में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण को व्यवस्थित करने के लिये राज्य स्तर पर संस्थान बनाया जाएगा। समूहों के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग के लिये ऑनलाइन ट्रेडिंग तथा ई-प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने की व्यवस्था भी की जा रही है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश में 43 हजार से अधिक ग्रामों में 3 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है, इन समूहों से 33 लाख 96 हजार परिवार जुड़ चुके है। समूहों को रोजगार की विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रदेश के 11 लाख 54 हजार से अधिक परिवारों को कृषि व पशुपालन गतिविधियों से जोड़ा गया है। तीन लाख 69 हजार से अधिक परिवारों को शूक्ष्म गतिविधियों से जोड़ा गया है। निर्धन परिवारों को योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई न हो इसके लिए सरकार द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं को अधिक व्यवहारिक, सरल व पारदर्शी बनाया जा रहा है। सशक्त एवं आर्थिक रूप से समृद्ध महिला स्व-सहायता समूह नए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगे और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेंगे।

## कश्मकश भाग- 1

अभी मे खुद कश्मकश मे हु.. की लिखने जा रही हु पर आरंभ कैसे करू कहा से लाउ वो शब्द जो पढ़ने वालों को उस संजोगो से रूबरू कराये.. !!! उस हकीकत से रूबरू कराये जो हमारे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा है.. हा द्विधा.. !!! ये शब्द हमारे रोजबरोज के जीवन से पूरी तरहा जुड़ा हुआ है इंसान जब पैदा होता है, और जब तक वो पूरी तरहा बड़ा नहीं होता तब तक वो द्विधाओ से घीरा नहीं होता जैसे ही समझदारी आती है, द्विधा उसके साथ ही कदम रखती है, फिर वो पूरी जिंदगी हमसे जुड़ जाती है.. आज हम यहाँ एक बाप की व्यथा पर नज़र डाल रहे है, की क्या पीड़ा वो सहन करते है, अपने जीवन मे,

अपने बच्चों की परवरिश, जरूरते, बच्चों की उमीदो पे खरा उतरना, फ़िरभी उनको समय भी देना, सपनो को भी सहजना... ये इतना आसान नहीं है, ये पीड़ा एक बाप को पूरा जीवन निचोड़के रखदेती है, अपने सपनो को बाजु पे रखकर बच्चों की उड़ान के परवाज़ बनना उनके लिए ज्यादा महत्त्व रखता है एक बाप जब अपना कुटुंब चलाता है, तो पूरा महीना कश्मकश मे जीता है, जेब मे पैसे कम और जरूरते बेहिसाब होती है वो हरवक्त द्विधा मे रहेता है की कोनसी ओर किसकी जरुरत को पहले अहमियत दी जाये.. पत्नी की, मा की, अपने संतानो की या फिर खुद की और इस द्विधा मे पूरी रात निकल जाती है, पूरा दिन और फिर महीनों, सालो निकल जाते है.. जरूरते बड़ा रूप ले लेती है बदल जाती है, मगर एक बाप वही इसी मोड़ पर खड़ा होता है.. **कश्मकश... कश्मकश !!!**

सर पर लिए भार
खुद दब के चल रहा



एक बाप अपनों के लिए
हर दम मरता रहा
बेटे बेटियों की आँखों मे
मायूसी न देखने
सपनो को उनके
उड़ान ऊँची देता रहा
सपने तो खुद के भी है
पर हर रात बिखरेसे रहेते है
सोचा उसने कईबार
पर टूटते रहेते लगातार
उम्मीद उन आँखों मे
केवल बच्चों की ख़ुशी की है
फिर चाहे अपनी ख़ुशी
दांव पर क्यू न लगी हुई है
लब्ज़ो पर हंसी का मंजर
तनहाई मे खंडहर ही खंडहर
हृदय उनका मोम सा
पिघलता पिघलता
ज्योत जलाये रखे
फ़िरभी बनके धुँआ धुँआ
बच्चों की फरियाद फ़िरभी सुनलेता
आपके पास समय नहीं ये
कथन हररोज सहलेता
चुप रहा फ़िरभी
हल्की सी हंसी देकर
खुशिया परोषता
छुपाके गम सारे चुपसा रहेता
हा वही होता है एक बाप..

**अल्पा**

## रस्म

बर्तन गिरने की आवाज़ से शिखा की आँख खुल गयी। घडी देखी तो आठ बज रहे थे, वह हड़बड़ा कर उठी।

÷उफ़्फ़ ! मम्मी जी ने कहा था कल सुबह जल्दी उठना है, ÷÷रसोई÷÷ की रस्म करनी है, हलवा-पूरी बनाना हैज और मैं हूँ कि सोती ही रह गयी। अब क्या होगाज! पता नहीं, मम्मी जी, डैडी जी क्या सोचेंगे, कहीं मम्मी जी गुस्सा न हो जाएँ। हे भगवान !÷ उसे रोना आ रहा था। ÷÷ससुराल÷÷ और ÷÷सास÷÷ नाम का हौवा उसे बुरी तरह डरा रहा था।

कहा था दादी ने- ससुराल है, ज़रा संभल कर रहना। किसी को कुछ कहने मौका न देना, नहीं तो सारी उम्र ताने सुनने पड़ेंगे। सुबह-सुबह उठ जाना, नहा-धोकर साड़ी पहनकर तैयार हो जाना, अपने सास-ससुर के पाँव छूकर उनसे आशीर्वाद लेना। कोई भी ऐसा काम न करना जिससे तुम्हें या तुम्हारे माँ-पापा को कोई उल्टा-सीधा बोले। ÷

शिखा के मन में एक के बाद एक दादी की बातें गूँजने लगीं थीं।

किसी तरह वह भागा-दौड़ी करके तैयार हुई। ऊँची-नीची साड़ी बाँध कर वह बाहर निकल ही रही थी कि आईने में अपना चेहरा देखकर वापस भागी-न बिंदी, न सिन्दूर - आदत नहीं थी तो सब लगाना भूल गयी





थी। ढूँढकर बिंदी का पत्ता निकाला। फिर सिन्दूरदानी ढूँढने लगीज. जब नहीं मिली तो लिपस्टिक से माथे पर हल्की सी लकीर खींचकर कमरे से बाहर आई।

जिस हड़बड़ी में शिखा कमरे से बाहर आई थी, वह उसके चेहरे से, उसकी चाल से साफ़ झलक रही थी। लगभग भागती हुई सी वह रसोई में दाख़िल हुई और वहाँ पहुँचकर ठिठक गयी। उसे इस तरह हड़बड़ाते हुए देखकर सासू माँ ने आश्चर्य से उसकी तरफ़ देखा। फिर ऊपर से नीचे तक उसे निहारकर धीरे से मुस्कुराकर बोलीं,

÷आओ बेटा ! नींद आई ठीक से या नहीं ?

हड़बड़ाकर बोली,÷जी मम्मी जी ! नींद तो आई, मगर ज़रा देरी से आई, इसीलिए सुबह जल्दी आँख नहीं खुली ज्सॉरीज. ÷ बोलते हुए उसकी आवाज़ से डर साफ़ झलक रहा था।

सासू माँ बोलीं, ÷ कोई बात नहीं बेटा ! नई जगह हैज्हो जाता है !÷

शिखा हैरान होकर उनकी ओर देखने लगी, फिर बोली,

÷मगरज्मम्मी जी, वो हलवा-पूरी?÷

सासू माँ ने प्यार से उसकी तरफ़ देखा और पास रखी हलवे की कड़ाही उठाकर शिखा के सामने रख दी, और शहद जैसे मीठे स्वर में बोलीं,

÷हाँ ! बेटा ! ये लो ! इसे हाथ से छू दो !÷

शिखा ने प्रश्नभरी निगाहों से उनकी ओर देखा।

उन्होंने उसकी ठोड़ी को स्नेह से पकड़ कर कहा, ÷बनाने को तो पूरी उम्र पड़ी है ! मेरी इतनी प्यारी, गुड़िया जैसी बहू के अभी हँसने-खेलने के दिन हैं, उसे मैं अभी से किचन का काम थोड़ी न कराऊँगी। तुम बस अपनी प्यारी- सी, मीठी मुस्कान के साथ सर्व कर देना -आज की रस्म के लिए इतना ही काफ़ी है।

सुनकर शिखा की आँखों में आँसू भर आए। वह अपने-आप को रोक न सकी और लपक कर उनके गले से लग गई ! उसके रुँधे हुए गले से सिर्फ़ एक ही शब्द निकला - ÷माँ÷ !

**लेखक- ठाकराराम प्रजापत**
**अध्यापक- रा.उ.मा.वि. भीमरलाई**
**गांव, पंस-बालोतरा, जिला-बाड़मेर, राजस्थान।**

## अब और नहीं

दुःस्वप्न-सी हुई ज़िन्दगी,
रिश्तों के कई भरम टूटे।
काटों की छुअन महसूस हुई,
जब अपनों ने ही खुशियाँ लूटे।।
बाबुल का घर छोड़ जब,
संग तेरे मैं आयी थी।
संग अपने सौगात में,
ढेरों खुशियाँ लायी थी।।
इस रिश्ते को निभाने की,
हमदोनों की साझेदारी थी।
क्या ब्याहभर लाने की,
बस तेरी जिम्मेदारी थी ??
एक पत्नी और बहू का,
हर फ़र्ज़ निभाया था मैंने।
थे सहे दर्द कितने भी,
ज़ाहिर न उसे किया मैंने।।
बहुत निभाया वादों को अबतक
लेकिन बस, अब और नहीं।।
इक उम्मीद-सी थी किसी दिन,
एहसास तो होगा गलती का।
जब आओगे तुम पास मेरे,
लूंगी हिसाब तब हर पल का।।
जब छोड़ गए थे तन्हा तुम,
कितना रोयी-तड़पी थी मैं।
बस देख तस्वीर तुम्हारी,
कितनी रातें काटी थी मैं।।
वक़्त वो कुछ और ही था,
जब दीवानी-सी थी तेरी।
निस्पंदन-सा हुआ है दिल,
है धड़कन भी कहाँ मेरी।
बहुत किया था इंतज़ार
लेकिन बस, अब और नहीं।।
जाना ही था तो कहकर जाते,
पर विश्वास को तुमने तोड़ा है।
सिर्फ़ मुझे नहीं परिवार के हर,
अपनों को भी तुमने छोड़ा है।।
जो भी थी तेरी अमानत,
वो सब तुमको लौटाती हूँ।
ये बिछुए और ये मंगलसूत्र,
सब आज छोड़ मैं जाती हूँ।।
किसी की मैं न पत्नी हूँ,
न किसी की अब बहू।



रोज़ की मानसिक-प्रताड़ना,
आखिर कब तक मैं सहूँ ??
बहुत किया था ऐतबार
लेकिन अब बस और नहीं।
पत्नी हूँ गर तो क्या हुआ,
सिर्फ मेरी हिस्सेदारी है ?
हर रिश्तों को निभाने की,
क्या बस मेरी ज़िम्मेदारी है ??
जब तुमने फ़र्ज़ न निभाया,
तो मुझसे ही उम्मीदें क्यूँ ?
मुँह तो तुमने फेरा था,
पर सवाल मुझसे ही क्यूँ ??
याद दिलाए सब कसमें-वादें,
लेकिन फ़िर भी न बदले तुम।
मिन्नतें की थीं कितनी तुमसे,
पत्थर-दिल थे न पिघले तुम।।
बहुत निभाया रिश्तों को अबतक
लेकिन बस, अब और नहीं।
अबतक तुम पाषान थे,
अब मैं भी पत्थर हो जाउंगी।
चाहे कितना भी टुटूंगी,
पर वापस अब न आउंगी।।
रोओगे तुम भी मेरी तरह,
हर तड़प महसूस करोगे।
तब शायद जाकर कहीं,
मेरी चाहत को याद करोगे।।
पर तबतक जा चुकूँगी मैं,
इक पल को भी न ठहरूँगी।
जाकर दूर कहीं तुमसे,
इक नया आशियाँ बनाउंगी।।
बहुत सहा है मैंने अबतक
लेकिन बस, अब और नहीं।
विवाहिता नहीं हूँ मैं तेरी अब,
ऐलान ये कर जाती हूँ।
तुम क्या छोड़ोगे मुझको,
तुम्हें आज छोड़ मैं जाती हूँ।।
करती हूँ आज़ाद खुद को,
हर बंधन को तोड़ती हूँ,
न पड़ूँगी कमज़ोर मैं अब,
खुद से ये वादा करती हूँ।
ये निश्चय मेरा अटल है,
न रुकना न मुड़ना है अब।।
बहुत किया है त्याग मैंने
लेकिन बस, अब और नहीं।।

**मोनिका राज**
**मुरलीगंज, मधेपुरा, बिहार**

## दूरी है जरूरी



अब तो जिद छोड़िए
कुछ तो समझदारी
दिखाइए,
अपनी नहीं तो
अपने बच्चों ,अपने
परिवार को
अपनी लापरवाही की
भेंट
चढ़ने से बचाइए,
संकट लाने के बजाय
संकट से बहुत दूर रहिए।
थोड़ा कष्ट ही सही
मगर सुरक्षित रहिए,
क्योंकि सबके साथ
आपको भी पता है,
दो गज की दूरी, है जरूरी।

**सुधीर श्रीवास्तव**
**गोण्डा, उ.प्र.**

## मेरी बेटी



सदा साहस रखना बेटी
पथ आलोकित सदा
करेगा,
यह मेरा आशीष तुम्हारा
दृढ़ रखना संकल्प सदा
तुम,
अवनी पर आएगा ध्रुव
तारा
सदा साहस रखना बेटी
हो सकता है पथ पर तेरे,
कुछ बाधाएं भी आ जाए
फिर भी तुम निराश ना होना,
कांटों में भी बनती रहे
सदा साहस रखना बेटी
पर्वत सी तुम अटल बनना,
और गहराई सागर कि तुम
नदियों से हो गति तुम्हारी,
दीप्ति हो मेरे आंचल कि तुम
सदा साहस रखना बेटी
सूरज साहो भाग्य तुम्हारा,
जीवन में चांद की शीतलता हो
राह में कोई कंटक ना हो,
अखंड तुम्हारी सफलता हो

**कामिनी मिश्रा वरिष्ठ शिक्षिका व कवयित्री**
**प्रा.वि.-लालमणि खेड़ा वि.क्षेत्र-बीघापुर,**
**जनपद-उन्नाव,उ.प्र.**

## मुर्गा बाँग लगाता है



उठो प्यारे आँखे खोलो।
सूरज दादा आये है।।
लाल लाल किरणों के सँग
में।
सब में आश जगाये है।।
मेरा मुर्गा है अलबेला।
जल्दी से उठ जाता है।।
कुड़कूँ कूँ आवाज लगा कर।
नया सन्देश लाता है।।
सुबह सुबह छत में चढ़ कर वह।
कुकडू कूँ चिल्लाता है।।
मुर्गी देखे मुर्गा राजा।
गीत नया वह गाता है।।
मुर्गियों का होता राजा।
सैर रोज वह करता है।।
चारे चुगता रहता दिनभर।
फिर आहे वह भरता है।।
सिर के ऊपर कलगी रखता।
दिन भर वह इठलाता है।।
कूड़े कचरे में जा कर के।
दाना खा कर आता है।।
चूजों को अपने सँग लेकर।
बड़े मजे से आता है।।
सुबह सुबह जल्दी उठ कर के।
मुर्गा बाँग लगाता है।।

**प्रिया देवांगन प्रियू**
**पंडरिया**
**छत्तीसगढ़**

## गुरु की महिमा



पूर्ण काया
समर्पित,
कनक थाल कर
में।
सर्व अभिनन्दन
करते,
गुरु चरण कमल
मे।।
श्रध्दा भाव से हम,
मन से करते
गुणगान।
क्षमा कीजिए मर्मज्ञ,
हम सब करते सम्मान।।
विज्ञ ज्ञान भण्डार हो,
और करुणा के सागर।
दुर्गुण दूर करते हो,
हम सब करते आदर।।
त्रिलोक आदित्य से भी,
गुरुजन आप महान।
विद्या रस घोल कर,
सर्व का करते कल्यान।।
विन गुरू नही मिलता है,
सभी मनुज को ज्ञान।
कोटि-कोटि नमन करते,
गुरु महिमा की करे बखान।।

**देबीदीन चन्द्वँशी**
**तह. पुष्पराजगढ़**
**जिलाअनूपपुर**

# वेब शो 'तांडव' की सैफ अली ने शुरू की डबिंग



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने आगामी वेब शो 'तांडव' की डबिंग शुरू कर दी है। वेब शो के निर्देशक अली अब्बास जफर ने अभिनेता के वर्क मोमेंट को साझा किया है। उन्होंने लिखा कि कोरोना काल में सैफ अली खान के साथ डबिंग। साउंड डिजाइनर दिलीप सुब्रमण्यम। काम करने का नया तरीका। बता दें कि अब्बास जफर द्वारा साझा किए गए इस तस्वीर में अभिनेता सैफ अली खान घर से काम करते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सैफ अली खान डायलॉग सीट पढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि एक व्यक्ति ने माइक पकड़ा हुआ है, जिससे संकेत मिलता है कि डबिंग की जा रही है। इस वेब शो 'तांडव' में भारतीय राजनीति का डार्क साइड दिखाया गया है, जिसमें सुनील ग्रोवर, मोहम्मद जीशान अयूब और सारा जेन डायस ने भी अभिनय किया है।

# फिल्म 'राधे' से रणदीप ने की काम पर वापसी



सलमान खान अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म राधे के लिए अभिनेता रणदीप हुड्डा काम शुरू कर दिया। इसके लिये वह खुद को बेहद आभारी मान रहे हैं। रणदीप ने अपनी एक तस्वीर साझा कीं, जिसमें वह एक माइक्रोफोन के पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर किसी डबिंग सेशन की बताई जा रही है। अपने इस पोस्ट को रणदीप ने कैप्शन दिया कि काम में वापसी कर आभारी हूं हैशटैगराधे। बता दें कि रणदीप को 'किक' और 'सुल्तान' के बाद सलमान संग फिर से पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी रोमांचित हैं। एक ने लिखा कि इस फिल्म के लिए वाकई में बेहद रोमांचित हूं। मेगास्टार सलमान खान के साथ आपकी फिल्म का इंतजार पूरे हरियाणा को है। वहीं दूसरे ने लिखा, बड़े पर्दे पर सलमान खान और आपको देखने का अब और इंतजार नहीं हो रहा है। 'राधे' का बेसब्री से इंतजार है।



# फिल्म 'पिंक' के कलाकारों ने किया शूटिंग के दिनों को याद

कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म 'पिंक' को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अभिनेत्री तापसी पन्नू, अभिनेता अंगद बेदी, अभिनेत्री कीर्ति कुलहरि सहित अन्य कलाकारों ने शूटिंग के दिनो को याद किया है। तापसी पन्नू, अंगद बेदी, कीर्ति कुलहरि ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म की कुछ दृश्यों की तस्वीर साझा किया। अंगद ने लिखा, यह आज के दिन रिलीज हुआ था। फिल्म ने न केवल समाज को बदला है, बल्कि हमारे जीवन को भी बदला है। अमिताभ बच्चन सर और सुजीत सिरकार दा को फिल्म के लिए धन्यवाद। आगे चलकर 'नो मिन्स नो' एक मूवमेंट बन गया। बता दें कि इस फिल्म के निर्देशक अनिरुद्ध रॉय हैं और फिल्म में महिलाओं की च्वॉइस को लेकर सामाजिक संदेश दिया गया है। वहीं इस फिल्म का 'नो मिन्स नो' डायलॉग भी काफी प्रसिद्ध हुआ। &ल्लुरस्त्र;फिल्म 'पिंक' में अमिताभ बच्चन के साथ तापस पन्नू, कीर्ति कुलहरि, अंद्रि तरिनांग, अंगद बेदी, और पीयूष मिश्रा ने अभिनय किया है।



# अपनी गलतियों से सीखने की उम्मीद रखते हैं अमित साध

अभिनेता अमित साध ने अपने वेब-शो 'अवरोध : द सेज विदइन' से स्टिंग तस्वीर साझा की। इस नवीनतम सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि वह अपनी गलतियों से सीखने की उम्मीद करते हैं और प्रेरित करना जारी रखना चाहते हैं। अमित ने अपने उन्होंने इसे कैप्शन देते हुए लिखा कि अवरोध से कुछ स्टिल शेयर कर रहा हूं। मेरे किरदार और स्टोरीज को फिर से देने के लिए धन्यवाद। मैं कोशिश करता हूं कि आप मुझे प्यार दें और अपनाएं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी गलतियों से सीखता रहूंगा और प्रेरित करता रहूंगा। मैं इस रिश्ते से प्यार करता हूं यह मेरे लिए एक दुनिया है।

# मलाइका अरोड़ा ने जीती कोरोना से जंग कई दिनों बाद कमरे से निकली बाहर



अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अब कोरोना से जंग जीत चुकी है और अपने कमरे से कई दिनों के बाद बाहर निकली हैं। मलाइका कोरोना पॉजिटिव होने के बाद होम क्वारंटीन में थी। अब वह ठीक हो चुकी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक नोट लिखा है जिसमें उन्होंने डॉक्टर्स, बीएमसी, दोस्तों, पड़ोसियों और प्रशंसकों का आभार जताया है। अभिनेत्री को कोरोना के हल्के लक्षण थे। मलाइका अरोड़ा ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में वह मास्क लगाए नजर आ रही हैं और उनके हाथ में कॉफी मग हैं। मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम पर लिखा-'बाहर और उसके बारे में...मैं आखिरकार अपने कमरे से कई दिनों के बाद बाहर निकली हूं, यह अपने आप में एक आउटिंग जैसा लग रहा है। मैं बहुत ही धन्य महसूस कर रही हूं कि इस वायरस से कम दर्द और परेशानी के बाद उबर चुकी हूं। मेडिकल गाइडेंस के लिए डॉक्टर्स, इस प्रक्रिया को परेशानी मुक्त बनाने के लिए बीएमसी, परिवार के अथाह समर्थन, और मेरे सभी दोस्तों, पड़ोसियों और प्रशंसकों की शुभकामनाएं के लिए और मुझे जो आपके मैसेज और समर्थन से ताकत मिली उसके लिए धन्यवाद। इस मुश्किल वक्त में आप लोगों ने जो कुछ भी किया है मैं आप सभी को समूचित रूप से धन्यवाद नहीं दे सकती। आप सभी कृपया सुरक्षित रहें और ध्यान रखें।' मलाइका अरोड़ा बीते कुछ समय से होम क्वारंटाइन में थी जिसके चलते वह अपने बेटे और डॉगी से दूर थी। मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में अपने डॉगी कैस्पर और बेटे अरहान खान की एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें वह बालकनी से देख रहे थे। मलाइका ने कहा था कि इस मुश्किल घड़ी में अपनों से दूर रहना सबसे मुश्किल है। मलाइका अरोड़ा ने इंडियाज बेस्ट डांसर के जज के रूप में नजर आ रही थी। इस शो के कई सदस्यों का कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया था जिसके बाद उन्होंने अपना टेस्ट कराया था।

# 9 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी यामी गौतम और विक्रांत मैसी की 'गिन्नी वेड्स सन्नी'

यामी गौतम और विक्रांत मैसी की फिल्म 'गिन्नी वेड्स सन्नी' की रिलीज डेट फाइनल हो गई है। 'गिन्नी वेड्स सन्नी' को पुनीत खन्ना ने निर्देशित किया है। फिल्म 'गिन्नी वेड्स सन्नी' 9 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म से दोनों की पहली झलक के साथ रिलीज डेट की घोषणा की गई है। यह जानकारी फिल्म एंड ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर रविवार को दी।

तरण आदर्श ने ट्विटर पर पोस्टर शेयर कर लिखा-'रिलीज डेट फाइनल...'गिन्नी वेड्स सन्नी' यामी गौतम और विक्रांत मैसी द्वारा अभिनीत हैं। पुनीत खन्ना द्वारा निर्देशित फिल्म का प्रीमियर 9 अक्टूबर 2020 को नेटफ्लिक्स पर होगा।' इस फिल्म में पहली बार यामी गौतम और विक्रांत मैसी ने साथ काम किया है। फिल्म 'गिन्नी वेड्स सन्नी' का पहला गाना 'लोल' रिलीज हो गया है। सोनी म्यूजिक इंडिया के बैनर तले यह गाना रिलीज किया गया है। इस गाने को कुनाल वर्मा ने लिखा है। इस गाने को पायल देव ने कंपोज किया है और देव नेगी के साथ मिलकर गाया भी है।



'गिन्नी वेड्स सन्नी' रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म में विक्रांत मैसी सन्नी के किरदार में हैं, जबकि गिन्नी के किरदार में यामी गौतम दिखाई देंगी। फिल्म में अभिनेता विक्रांत मैसी एक शौकिया शेफ की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म की पटकथा नवजोत गुलाटी और सुमित अरोड़ा द्वारा लिखी गई है। सौंदर्य प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म को विनोद बच्चन ने प्रोड्यूस किया है। पुनीत खन्ना द्वारा निर्देशित फिल्म 'गिन्नी वेड्स सन्नी' 9 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# पायल घोष की तरह कई बड़े एक्टर्स ने मुझसे भी की है जबरदस्ती

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने बॉलीवुड एक्ट्रेस पायल घोष की ओर से अनुराग कश्यप पर जोर-जबर्दस्ती करने के आरोपों पर अपनी कहानी बयां की है। कंगना ने ट्विटर पर लिखा, जो एक्ट्रेस पायल घोष ने कहा वैसा मेरे साथ भी हो चुका है। कई बड़े हीरो जिन्होंने इसी तरह चीजें मेरे साथ की हैं। बंद वैन में या बंद दरवाजे के पीछे या पार्टी में डांस करने के दौरान आपके साथ फ्लोर पर अचानक उनकी जीभ आपके मुंह में आ जाती है। कई बार वो आपको काम के लिए घर बुलाते हैं और फिर आपके ऊपर जोर-जबर्दस्ती करते हैं। इसके बाद वो जाहिर करते हैं कि वो कितने बड़े बुद्धि?मान हैं। एक अन्य ट्वीट में कंगना ने लिखा, बॉलीवुड पूरी तरह से यौन हिंसा करने वाले लोगों से भरा पड़ा है। ये लोगों केवल दिखाने के लिए शादी किए हुए हैं। जबकि वे रोजाना किसी खूबसूरत लड़की को खुद को खुश करने के लिए बुलाना चाहते हैं। यही नहीं वो यही काम खूबसूरत और जरूरतमंद लड़कों के साथ भी करते हैं। हालांकि मैंने अपनी चीजों को अपने तरीके से सुधार दिया है। मुझे # मीटू की जरूरत नहीं है। लेकिन लड़कियों को जरूर इस बारे में सोचना चाहिए। इसके बाद कंगना ने कहा कि बॉलीवुड में #मी टू क्यों फेल हो गया। एक अन्य ट्वीट में कंगना ने कहा कि बॉलीवुड में # मी टू पूरी तरह से फेल हो गया क्योंकि ज्यादातर बलात्कारी और यौन हिंसा करने वाले लिबरल थे। उन्होंने ही इस आंदोलन को मार डाला।



कृति सेनन का पोस्ट हुआ वायरल, फैन्स के साथ-साथ बॉलीवुड सेलेब्स भी पसंद कर रहे हैं पोस्ट

# पहले वो आपके लिए लड़ते हैं, फिर वे आपस में लड़ने लगते हैं, जिसे रोका नहीं जा सकता है

**बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव हैं। उनके पोस्ट खूब पढ़े जाते हैं। उन्होंने फिर से एक पोस्ट लिखा है, जो खूब वायरल हो रहा है। कृति सेनन के इस पोस्ट को फैन्स के साथ-साथ बॉलीवुड सेलेब्स भी काफी पसंद कर रहे हैं। कृति सेनन ने लिखा, पहले वो आपके लिए लड़ते हैं, फिर वे आपस में लड़ने लगते हैं। यह एक ऐसी मुश्किल घड़ी है जिसे रोका नहीं जा सकता है। और अब यह सिर्फ तुम्हारे लिए नहीं रह गया है, उनके लिए हो गया है, शायद पहले भी यह उन्हीं के लिए था।**



कृति सेनन का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब पढ़ा जा रहा है। उनके इस पोस्ट को 4 लाख 59 हजार से ज्यादा बार लाइक किया जा चुका है। फैन्स इस पर प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। फैन्स उनके पोस्ट को दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के साथ जोड़कर देख रहे हैं।

कृति सेनन आखिरी बार फिल्म 'हाउसफुल 4' और 'पानीपत' में नजर आई थीं। एक्ट्रेस 'हाउसफुल 4' में जहां अक्षय कुमार के साथ अहम भूमिका निभाती दिखाई दी थीं तो वहीं 'पानीपत' में वह अर्जुन कपूर के साथ लीड रोल में नजर आई थीं। इससे इतर हाल ही एक्ट्रेस की एक फोटो वायरल हुई थी, जिसमें वह बेबी बंप के साथ नजर आ रही थीं। कृति की यह फोटो उनकी अपकमिंग फिल्म 'मिमी' की शूटिंग के दौरान की थी। 'मिमी' के लिए एक्ट्रेस ने करीब 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया है। आगामी फिल्म 'बच्चन पांडे' में अभिनेत्री कृति सेनन बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म साल 2020 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

# भारतीय जवानों की मदद के लिए हिमालय की चोटी तक चढ़ जा रहे हैं चुशुल के लोग

**नई दिल्ली।** लद्दाख के चुशुल गांव के लोग अपने गांव को चीनी नियंत्रण में आने से बचाने के लिए भारतीय सेना की मदद कर रहे हैं। इसके लिए वे ब्लैक टॉप के रूप में जानी जाने वाली हिमालय की पर्वत चोटी की यात्रा करने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।

द गार्जियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 100 से अधिक पुरुष, महिला और युवा लड़कों के साथ अधेड़ चावल की बोरी, ईंधन के डिब्बे और अन्य जरूरी सानानों के साथ ब्लैक टॉप की ओर बढ़ रहे हैं, जहां भारतीय सेना के सैकड़ों जवान टेंट लगाकर रहते हैं और चीनी घुसपैठ का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। आने वाले सर्दियों के महीनों में, यहां तापमान शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। ग्रामीणों को डर है कि अगर वे भारतीय सेना को चीन की सीमा से लगे पर्वतों पर अपने पोस्ट को सुरक्षित रखने और आगे कड़ाके की ठंड के लिए सैनिकों को तैयार करने में मदद नहीं करते हैं तो उनका गांव जल्द ही चीनी नियंत्रण में हो सकता है। चुशूल के एक 28 वर्षीय युवक टेरसिंग ने कहा, ÷हम भारतीय सेना को उनके पोस्ट को तुरंत सुरक्षित करने में मदद करना चाहते हैं। हम उन्हें जरूरी सामानों की आपूर्ति कर रहे हैं। एक दिन में कई बार हम जाते हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सेना को बहुत अधिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। आपको बता दें कि भारत और चीन के बीच लद्दाख के चुशुल क्षेत्र से पैंगोंग त्सो सहित कई अन्य जगहों पर संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। हालांकि दोनों देशों के बीच बातचीत का



दौर भी जारी है। भारत ने गालवान घाटी हिंसक झड़प ( जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे ) के बाद दोनों देशों के बीच हथियारों का उपयोग नहीं करने की शर्तों को भी बदल दिया है। आपको यह भी बता दें कि तनाव कम करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी हाल ही में मास्को में मिले। बैठक के बारे में एक संयुक्त प्रेस बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के साथ-साथ भारत-चीन संबंधों पर हुए घटनाक्रम पर स्पष्ट और रचनात्मक चर्चा की। ग्रामीणों के अनुसार जमीनी हालात ठीक नहीं हैं। पिछले एक सप्ताह में भारतीय सैनिकों ने सीमा पर निर्माण जारी रखा है। भारतीय सेना के वाहनों के काफिले ने सीमा पर चौकियों पर तैनात सैनिकों के लिए आपूर्ति और गोला-बारूद लाना जारी रखा है और सड़कों और इमारतों के निर्माण के लिए लगभग 100 खुदाई करने वालों को सीमा के साथ भारत की स्थिति को और अधिक सुरक्षित करने के लिए लाया गया है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के एक सुरक्षा विशेषज्ञ, मनोज जोशी ने कहा, यह बहुत स्पष्ट है कि दोनों पक्ष सर्दियों के लिए वहां रहने की योजना बना रहे हैं। वे अनुमान लगा रहे हैं कि बातचीत का कोई हल नहीं निकलने वाला है। द गार्डियन के अनुसार, इस हफ्ते, चुशुल के ग्रामीणों ने सैनिकों को ब्लैक टॉप पर आपूर्ति लाने के लिए अपने नॉन-स्टॉप प्रयासों को जारी रखा है। टेरसिंग ने कहा, हाल ही में जिस क्षेत्र में संघर्ष हुआ था, वहां अभी तक सड़क नहीं है। एक अन्य ग्रामीण कोंचक त्सेपेल ने कहा, जिन नई जगहों पर चीनी और भारतीय सैनिक आमने-सामने हैं, वे जगह रहने के हिसाब से अनुकूल नहीं है। सेना को टेंट में रखा जा रहा है। मुझे नहीं पता कि वे बिना सड़क के रहने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे का निर्माण करने जा रहे हैं।



## क्या हैं वे तीन मांगें, जिनके लिए कांग्रेस कर रही है संसद सत्र का बहिष्कार

**नई दिल्ली।** कृषि विधेयकों को भले ही सरकार पास कराने में कामयाब रही हो, मगर घमासान अब भी थमता नहीं दिख रहा है। राज्यसभा में विपक्ष के 8 सासंदों के निलंबन और कृषि बिलों से जुड़े प्रावधानों को लेकर राज्यसभा में मंगलवार को भी गहमागहमी देखने को मिली। कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष ने राज्यसभा के सत्र का बहिष्कार किया है। कांग्रेस के गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि उनकी तीन मांगें जब तक सरकार नहीं मान लेती, तब तक संसद सत्र का उनकी पार्टी बहिष्कार करती रहेगी।

कांग्रेस सांसद गुलाम नबी आजाद ने कहा, हम संसद सत्र का बहिष्कार करेंगे जब तक कि सरकार हमारी तीन मांगों को स्वीकार नहीं करती है। पहली- सरकार दूसरा विधेयक लेकर आए जिसके तहत कोई भी निजी कंपनी एमएसपी से नीचे खरीद न कर सके, दूसरी- एमएसपी को स्वामीनाथन आयोग द्वारा अनुशंसित फार्मूले के तहत तय किया जाना चाहिए और तीसरी- एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां एमएसपी से नीचे फसल नहीं खरीदेंगी।

**निलंबित सासंदों को चाय पिलाकर खुद उपवास पर बैठे राज्यसभा के उपसभापति**–गुलाम नबी आजाद ने जोर देकर कहा कि जब तक आठ सदस्यों का उच्च सदन से निलंबन वापस नहीं लिया जाता तब तक कांग्रेस राज्यसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिन में जो कुछ भी हुआ, उससे कोई खुश नहीं है। जनता चाहती है कि उनके नेताओं को सुना जाए। उनके विचारों को केवल 2-3 मिनट में नहीं निपटाया जा सकता। सांसद कम समय के कारण अपनी बात नहीं रखने के कारण नाराज रहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के आठ सासंदों का निलंबन खत्म किया जाना चाहिए। फिलहाल, कांग्रेस समेत विपक्ष राज्यसभा की कार्यवाही का बहिष्कार कर चुका है और बॉयकाट कर संसद परिसर में धरना दे रहा है। ये सभी सासंद संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और 8 सांसदों के निलंबन को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि निलंबित सांसदों में कांग्रेस के राजीव सातव, सैयद नजीर हुसैन और रिपुन बोरा, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन और डोला सेन, माकपा के इलामारम करीम, केके रागेश और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह शामिल हैं।

# जब प्रेमी और बेटी को चुनने की बारी आई तो महिला ने उठाया ये खौफनाक कदम



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में तीन दिन पहले एक साल की बेटी को तालाब में फेंककर मार डालने वाली मां के कबूलनामे से पुलिस भी हैरान है। महिला का कहना है कि वह अपने प्रेमी को खोना नहीं चाहती थी, इसलिए बेटी को रास्ते से हटा दिया। विवाहिता और उसका प्रेमी रायसेन जिले के रहने वाले हैं। महिला का कहना है कि उसके प्रेमी शिवम की फोन करने की एक गलती ने उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस ने आरोपी महिला और उसके प्रेमी को सोमवार को लालघाटी स्थित हलालपुरा बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। दोनों भोपाल से बाहर भागने की फिराक में थे। थाना प्रभारी तलैया डीपी सिंह के अनुसार, सोनम को अपनी बेटी की मौत का कोई अफसोस नहीं है। पूछताछ में 23 साल की सोनम ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद से ही पति जितेंद्र चौरसिया से झगड़ा होने लगा था। वह मारपीट करता था। शिवम से उसकी पहचान कॉलेज के समय से थी। दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे थे। 16 सितंबर को तड़के करीब 3 बजे वह घर से बेटी को लेकर औबेदुल्लागंज से रायसेन अपने मायके आ गई। पिता के पूछने पर उसने बताया कि जितेंद्र मारपीट करता है। पिता ने डांटा तो 17 तारीख की सुबह 11 बजे वहां से शिवम के साथ चली गई। वे दोनों भोपाल आ गए। वीआईपी रोड पर उसने अपनी बेटी को पानी में फेंक दिया। फिर वह रोने लगी और गोताखोर आ गए तो उसने कहानी बना दी। थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि 17 सितंबर की शाम सोनम ने बेटी को पानी में फेंक दिया था। उसके बाद वह शिवम के साथ भाग गई थी। इससे पहले 16 सितंबर की सुबह जब वह घर से गायब हो गई थी तो पति जितेंद्र ने शाम को उसकी रिपोर्ट कराई थी। उसके बाद से ही उसे खोज रहे थे। इधर, बच्ची का शव शुक्रवार सुबह मिला तो शनिवार देर रात उसकी शिनाख्त हो सकी थी। उसके बाद से ही सोनम और शिवम की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान शिवम की उसके भाई से फोन पर बात हुई। बातों ही बातों में उसने बताया कि वह भोपाल में है। इसके बाद पुलिस खोजते-खोजते उस तक पहुंच गई।

# सावधान! एंटीबॉडी कमजोर होने पर दोबारा हो सकता है कोरोना संक्रमण का खतरा

**पटना।** कोरोना संक्रमण के गंभीर मरीजों को स्वस्थ होने के तीन-चार माह के बाद दोबारा कोरोना संक्रमण का खतरा हो सकता है। ऐसा उनकी एंटीबॉडी के कमजोर पड़ने के कारण हो सकता है। पटना में अब तक तीन ऐसे केस आए हैं, जिसमें स्वस्थ होने के बाद मरीज दोबारा संक्रमित हुए हैं। इसमें एक मरीज पीएमसीएच में जबकि दो एम्स में पहुंचे हैं। एम्स में कोरोना के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि कई लोगों में 28 में दिन से लेकर 4 महीने तक एंटीबॉडी मजबूत मौजूद रहती है। ऐसे लोगों में संक्रमण का खतरा कम होता है। कुछ लोगों में कमजोर एंटीबॉडी होने के कारण वह जल्दी खत्म हो जाता है। ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतनी होती है। नहीं तो उनमें संक्रमण का खतरा भी ज्यादा रहता है।

हालांकि, अब तक केवल दो ऐसे लोग आए हैं जो स्वस्थ होने के बाद दोबारा संक्रमित हुए हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर अध्ययन किया जा रहा है। उन कारणों का भी अध्ययन किया जा रहा है, जिसके कारण दोबारा संक्रमित हुए हैं। उन्होंने चेताया कि यह धारणा लोगों को बदल लेनी चाहिए कि वह एक बार संक्रमित हो गए तो उनको दोबारा संक्रमण का खतरा नहीं रहता है।

**पीएमसीएच में चल रहा है अध्ययन**- वहीं, पीएमसीएच में कोरोना के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर पीएन झा ने बताया कि पीएमसीएच में भी एक मरीज ऐसा आया है जो दोबारा संक्रमित हुआ है। ऐसे मरीजों में एंटीबॉडी एक बार बन चुकी होती है। अतः



उन्हें जल्द स्वस्थ होने में कोई परेशानी नहीं होती है। पीएमसीएच में आया हुआ मरीज 3 से 4 दिन में ही स्वस्थ हो गया था। ऐसे मरीजों पर अध्ययन चल रहा है। बताया कि बिहार के बाहर अन्य राज्यों में ऐसे कई केस मिले हैं पटना में अब तक 3 केस सामने आए हैं।

**एंटीबॉडी सभी में अलग-अलग**-वहीं एनएमसीएच में इस तरह का कोई केस सामने नहीं आया है। एनएमसीएच में कोरोना के नोडल पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि लगभग 18 सौ लोगों को स्वस्थ कर भेजा गया है। हालांकि, कोई भी मरीज दोबारा संक्रमण का शिकार होकर इलाज कराने अब तक नहीं पहुंचा है। लेकिन इस तरह के केस बाहरी राज्यों में बड़ी संख्या में सुनने को मिल रहे हैं। इस पर रिसर्च भी चल रहा है। सभी लोगों में अलग-अलग प्रकार की एंटीबॉडी रहती है। किसी में दोगुना तो किसी में 10 गुना। अभी इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है कि कितना एंटीबॉडी होगा तो लोग सुरक्षित रहेंगे।

**दोबारा संक्रमित नहीं हो, इसलिए सावधानी बरतें**-पटना आयुर्वेदिक कॉलेज के वरीय चिकित्सक डॉ. प्रभात कुमार द्विवेदी ने कहा कि कोरोना से स्वस्थ होने के बाद दोबारा संक्रमण के खतरा से बचा जा सकता है। पहले लोगों को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि उन्हें दोबारा कोरोना नहीं होगा। उसके बाद भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार जो भी जरूरी सावधानी है, उन्हें बरतनी चाहिए। योगा-प्राणायाम, व्यायाम करने के साथ-साथ आयुष मंत्रालय द्वारा जारी काढ़ा का भी सेवन करने से निश्चित रूप से बचाव होगा।

**किन लोगों में कमजोर होती है एंटीबॉडी**-डॉ पीएन झा ने बताया कि ऐसे मरीज जो पहले से डायबिटीज थायराइड कैंसर किडनी रोग या किसी अन्य बीमारी से ग्रसित होते हैं, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता पहले से कमजोर होती है। ऐसे मरीजों में एंटीबॉडी भी कमजोर बनने की आशंका रहती है । ऐसे भी लोग स्वस्थ हुए हैं, जिनमें एंटीबॉडी बनी ही नहीं है फिर भी वे कोरोना निगेटिव हुए हैं। बताया कि जो एक बार स्वस्थ हो चुके होते हैं, उनमें एंटीबॉडी दोबारा विकसित हो जाती है।

# छठ पर घर जाना होगा और आसान, अगले महीने से 100 नई ट्रेन चलाने की तैयारी में रेलवे

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल कोरोना काल में सभी स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करते हुए चलाई जा रही ट्रेनों की संख्या में अगले माह से और बढ़ोतरी करने की तैयारी में है। अक्टूबर और नवंबर की संभावित यात्री संख्या को देखते हुए व्यस्ततम रूटों पर लगभग 100 और नई ट्रेन चलाई जा सकती है। इनमें अधिकांश गैर वातानुकूलित श्रेणी (सभी दर्जे) की होगी, जो त्योहारी सीजन में आम आदमी की यात्रा में मददगार होंगी।

रेलवे अभी स्पेशल श्रेणी की ट्रेनों के साथ 40 क्लोन ट्रेन चला रही है। अधिकांश क्लोन ट्रेन वातानुकूलित श्रेणी की है, जिसमें किराया ज्यादा होने की वजह से आम यात्री सफर नहीं कर पाता है। हालांकि इससे मूल ट्रेन पर दबाव कम हुआ है, लेकिन शयनयान और सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की दिक्कतें अभी बनी हुई है। अक्टूबर-नवंबर में जब दुर्गा पूजा से लेकर दशहरा, दिवाली और छठ के बड़े त्यौहार



आते हैं उस समय यात्रियों की आवाजाही बढ़ेगी। रेलवे ने इस स्थिति के मद्देनजर अगले माह से लगभग 100 ट्रेन और चलाने की तैयारी कर रखी है। इनमें आधी से ज्यादा बिहार और बंगाल को जोड़ने वाली होंगी। यह सभी ट्रेनें भी विशेष श्रेणी वाली होंगी जो सभी आरक्षित कोच वाली होगी। जनरल कोच में भी सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए आरक्षण किया जाएगा। रेलवे बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, हर जोन से संभावित जरूरत के बारे में जानकारी ली गई है और जरूरत पड़ने पर ट्रेनों की संख्या और बढ़ाई जा सकती है। हालांकि सरकार लोगों से यही अपील कर रही है कि वह जरूरी होने पर ही यात्रा करें और कम से कम आवाजाही करें ताकि कोरोना संक्रमण फैलने को नियंत्रित किया जा सके।

## चुनाव के बाद ईरान के प्रति नीतियों में बदलाव की उम्मीद नहीं: पोम्पियो



**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा है कि नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के बाद देश का ईरान के प्रति रुख और नीतियों में शायद ही कोई बदलाव हो। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि पोम्पियो ने मीडिया लाइन को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। पोम्पियो ने कहा, ट्रम्प प्रशासन के कार्यों को लेकर अमेरिका को अपार समर्थन हासिल है। मुझे देशभर से कांग्रेस के सैकड़ों सदस्यों का पत्र मिला है, जिनमें सभी ने मांग की है कि अमेरिका इस तरह से कार्य करे जिससे ईरान हथियार खरीदने और बेचने की स्थिति में नहीं हो । हमने यह कर दिखाया है। इसलिए मुझे लगता है कि हमें दोनों राजनीतिक दलों का अपार समर्थन प्राप्त है। उन्होंने दावा किया कि फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे यूरोपीय संघ के देश ईरान पर अमेरिकी नीति से संतुष्ट हैं। यह अलग बात है कि वह भले ही इसे सार्वजनिक मंच से स्वीकार नहीं करें। पोम्पियो ने कहा, मुझे उम्मीद है कि अगर राष्ट्रपति ट्रम्प नहीं चुने जाते हैं तो उपराष्ट्रपति बिडेन के तहत जो टीम आएगी उसे भी खतरे का आभास होगा जो हम झेलते आए हैं। ऐसे में वह सुनिश्चित करेगी कि अमेरिका और इजरायल सुरक्षित हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को ओहियो में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका चाहता है कि ईरान एक मजबूत देश हो लेकिन यह नहीं चाहता कि उसके पास परमाणु हथियार हों। ट्रम्प ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसमें विदेशी राष्ट्रों, निगमों और लोगों पर आर्थिक जुमार्ना लगाया गया है। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो संयुक्त राष्ट्र के हथियार प्रतिबंध नियमों का उल्लंघन करते हैं। पोम्पियो ने कहा कि जब तक एक व्यापक समझौता नहीं हो जाता तब तक अमेरिका ईरान के खिलाफ प्रतिबंध को लेकर अत्याधिक दवाब बनाने वाला अभियान जारी रखेगा।

# ईरान को मदद करने वालों की यूएस में संपत्तियों को ब्लॉक करेगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के प्रति अपने तेवर शख्त कर दिए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को बड़ा फैसला लेते हुए उन लोगों की संपत्ति को ब्लॉक करने का आदेश जारी कर दिया है जो ईरान की हथियारों की आपूर्ति या फिर ऑर्थिक सेवाएं प्रदान करा रहे हैं। अमेरिका राष्ट्रपति ने कहा मैं ईराम में/से पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति, बिक्री या सहायता करने वालों के साथ-साथ प्रशिक्षण, वित्तीय सेवाएं और सहायता प्रदान करने वाले लोगों के यूएस में संपत्ति को ब्लाक कर रहा हूं। अमेरिका राष्ट्रपति ने कहा है कि यह आदेस पूरे



क्षेत्र में आतंकवादियों और खतरनाक लोगों को हथियार की निर्यात करने की ईरानी शासन की क्षमता को बहुत कम कर देगा। साथ ही अपनी सेना बनाने के लिए हथियार की क्षमता हासिल करने को भी। बता दें कि अमेरिका ने यह प्रतिबंध अपने एक शीर्ष अधिकारी की ओर से दिए गए उस बयान के बाद लगाया है जिसमें कहा गया था कि ईरान बहुत जल्द इस साल के आखिर तक परमाणु हथियार बना सकता है।

### अमेरिका ने ईरान पर लगाए नए प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** एनएन ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने सप्ताहांत में तेहरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को फिर से लागू करने के अपने प्रयासों के बाद ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर नए प्रतिबंधों को थप्पड़ मार दिया। उन प्रतिबंधों में से कुछ को जारी किए गए एक नए कार्यकारी आदेश के तहत लिया गया था, जिसका उद्देश्य ईरान को पारंपरिक हथियारों के हस्तांतरण को रोकना है। ये ईरान के रक्षा मंत्रालय के और वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो के खिलाफ हैं।



## ईरान ने कहा- विश्व शक्तियों के साथ किया गया परमाणु समझौता अब भी बचाने लायक

**बर्लिन।** ईरान की परमाणु एजेंसी के प्रमुख अली अकबर सालेही ने सोमवार को कहा कि अमेरिका द्वारा एकतरफा तरीके से अलग होने की वजह से ईरान और दुनिया की शक्तियों के साथ 2015 में किया गया परमाणु समझौता संकट का सामना कर रहा है, लेकिन अब भी यह बचाने योग्य है। वियेना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के सम्मेलन में प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वर्ष 2018 में समझौते से अमेरिका के अलग करने के बाद कथित संयुक्त एकीकृत कार्ययोजना (जेसीपीओए) बाधित हो गई है। उल्लेखनीय है कि करार में परमाणु कार्यक्रम सीमित करने पर ईरान को आर्थिक प्रोत्साहन देने का वादा किया गया है। अमेरिका के जाने के बाद शेष बची शक्तियां-फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, चीन और जर्मनी- दोबारा लागू अमेरिकी प्रतिबंध से बचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अन्य देशों पर दबाव बनाने के लिए ईरान करार में यूरेनियम के संवर्द्धन की सीमा आदि को नजर अंदाज कर रहा है। वीडियो कांफ्रेस के जरिये संबोधित करते हुए सालेही ने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि वे देश समस्या के समाधान का रास्ता तलाशे जो अमेरिका के करार से गैर कानूनी तरीके से हटने की वजह से पैदा हुई है। उन्होंने कहा, अभी भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय में मोटे तौर पर सहमति है कि जेसीपीओए को बचाया जाना चाहिए। सालेही के बोलने के बाद अमेरिकी ऊर्जा मंत्री डैन ब्राउलेटे ने करार का उल्लेख किए बिना बस यह कहा कि अमेरिका, उत्तर कोरिया और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से उत्पन्न खतरे का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विश्व में कोरोना से तबाही, 3.12 करोड़ संक्रमित तो 9.63 लाख ने गंवाई जान

**नई दिल्ली।** विश्वभर में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से तीन करोड़ 12 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और 9.63 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में अब तक 3,12,45,797 लोग संक्रमित हुए हैं और 9,63,693 लोगों की मौत हुई है।

वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 68,56,884 पर पहुंच गयी है और अब तक 1,99,865 लोगों की जान जा चुकी है। भारत में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 75,083 नये मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 55 लाख को पार कर 55,62,664 हो गया। इस दौरान 1053 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 88,935 हो गयी है। ब्राजील में अब तक 45,58,040 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 1,37,272 लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 11,05,048 पहुंच गई हैं तथा 19,420 लोगों ने जान गंवाई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यह कोरोना से संक्रमित होने के मामले में वह छठे स्थान पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 7,68,895 लोग संक्रमित हुए हैं और 31,369 लोगों की मौत हो चुकी है। कोलम्बिया में कोरोना से अब तक 7,70,435 लोग संक्रमित हुए हैं और मृतकों की संख्या 24,397 है।मेक्सिको में कोरोना से अब तक 700,580 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 73,697 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन दक्षिण अफ्रीका को कोरोना संक्रमितों की संख्या में पीछे छोड़कर आठवें स्थान पर आ गया है जहां यह संख्या 6,71,468 पर पहुंच गई है। इस वायरस से मरने वालों की संख्या 30,663 हो गयी हैं। दक्षिण अफ्रीका नए मामलों में वृद्धि के बाद अब नौवें स्थान पर है ।यहां अब तक करीब 6,61,936 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 15,992 लोगों की मृत्यु हुई है। अर्जेंटीना कोरोना संक्रमित के मामलों में 10वें नंबर पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 6,40,147 लोग संक्रमित हुए हैं और मृतकों की संख्या 13,482 है।चिली में कोरोना से 4,47,468 लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा 12,298 लोगों की मौत हुई है। फ्रांस में इसकी चपेट में अब तक 4,96,851 लोग आए हैं तथा 31,346 लोगों की मृत्यु हुई है। ईरान में इस महामारी से 4,25,481 संक्रमित है जबकि 24,478 लोगों की मौत हो चुकी है।



न्यूयार्क में अमेरिका के ब्रयसन बिकेमबयू अमेरिकी ओपन गोल्फ में जीत के बाद ट्रॉफी दिखाते हुए।

### जॉनी बेयरस्टो ने 43 बॉल पर 61 रन की पारी खेली

# आरसीबी ने हैदराबाद को 10 रन से हराया

- विराट कोहली सिर्फ 14 रन ही बना सके, वे 17 करोड़ रुपए के साथ आईपीएल के सबसे महंगे प्लेयर हैं
- आरसीबी के देवदत्त पडिक्कल ने आईपीएल में डेब्यू मैच खेलते हुए सबसे ज्यादा 56 रन की पारी खेली

दुबई ■ एजेंसी

आईपीएल के 13वें सीजन का तीसरा मैच सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच दुबई में खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने सनराइजर्स को 164 रन का टारगेट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद की पूरी टीम 153 रन ही बना सकी।

युजवेंद्र चहल ने 3 विकेट लिए। उन्होंने विजय शंकर (0) और जॉनी बेयरस्टो (61) को बोल्ड किया। बेयरस्टो ने आईपीएल में अपनी तीसरी फिफ्टी लगाई। मनीष पांडे 34 रन बनाकर चहल की बॉल पर नवदीप सैनी के हाथों कैच आउट हुए। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए बेयरस्टो के साथ 71 रन की पार्टनरशिप की। सनराइजर्स के कप्तान डेविड वॉर्नर 6 रन बनाकर रनआउट हो गए। वे मैच के दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर नॉन स्ट्राइक पर खड़े थे। तभी बेयरस्टो के सीधे शॉट पर बॉलर उमेश यादव का हाथ लगकर बॉल स्टंप्स में लग गई और क्रीज से बाहर खड़े वॉर्नर आउट हो गए। आरसीबी के देवदत्त पडिक्कल ने आईपीएल में डेब्यू मैच खेलते हुए सबसे ज्यादा 56 रन की पारी खेली। उन्होंने एरॉन फिंच (29) के साथ 90 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की थी। इसके बाद एबी डिविलियर्स (51) लीग में अपनी 34वीं फिफ्टी लगाकर रनआउट हो गए। इन बेहतरीन पारी की बदौलत आरसीबी ने 5 विकेट पर 163 रन बनाए। वहीं, हैदराबाद के विजय शंकर, टी. नटराजन और अभिषेक शर्मा को 1-1 विकेट मिला। आरसीबी के कप्तान विराट कोहली 6 महीने बाद मैदान पर लौटे और 14 रन बनाकर आउट हुए। टी. नटराजन ने उन्हें राशिद खान के हाथों कैच आउट कराया। इससे पहले कोहली ने मार्च में न्यूजीलैंड से उसी के घर में टेस्ट खेला था। आरसीबी के कप्तान कोहली 17 करोड़ रुपए कीमत के साथ आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं।

### मार्श चोटिल होकर बाहर हुए

हैदराबाद के तेज गेंदबाज मिशेल मार्श ने पहली पारी का 5वां ओवर किया था। यह उनका पहला ओवर था, जिसमें वे चोटिल होकर बाहर हो गए। उन्होंने सिर्फ 4 बॉल डाली थी। बाकी 2 बॉल विजय शंकर ने की, जिसमें 2 नो बॉल के साथ 10 रन दिए।

### विलियम्सन को मौका नहीं मिला

सनराइजर्स टीम में वॉर्नर के अलावा जॉनी बेयरस्टो, मिशेल मार्श और राशिद खान विदेशी खिलाड़ी हैं। प्लेइंग इलेवन में सिर्फ 4 विदेशी खिलाड़ी वाले नियम के चलते न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन को मौका नहीं मिला। आरसीबी में विदेशी खिलाड़ी एरॉन फिंच, एबी डिविलियर्स, जोश फिलिप और डेल स्टेन को मौका मिला है। कप्तान विराट कोहली ने क्रिस वोक्स की जगह फिलिप को टीम में चुना। सनराइजर्स हैदराबाद अब तक दो बार आईपीएल खिताब जीत चुकी है। वॉर्नर की कप्तानी में टीम ने 2016 के फाइनल में आरसीबी को ही 8 रन से हराया था। इससे पहले हैदराबाद 2009 में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट की कप्तानी में आईपीएल खिताब जीत चुकी है। तब टीम का नाम डेक्कन चार्जर्स था। 2013 में सन टीवी नेटवर्क ने टीम को खरीदकर नाम बदला था। वहीं, आरसीबी तीन बार (2016, 2011, 2009) रनरअप रह चुकी है।

## न्यूज. ब्रीफ

### घाना में सड़क हादसे का शिकार हुए छह फुटबॉलर

**अकारा।** अफ्रीकी देश घाना में हुई एक सड़क दुर्घटना में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की मौत हो गई है जबकि 30 अन्य घायल हो गए है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस मोटर ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्ट विभाग के कमांडर एडमंड न्यामेके ने कहा कि गंभीर रूप से घायल चार खिलाड़ियों को अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। न्यामेके ने कहा कि यह हादसा उस समय हुआ जब किशोर आयु के फुटबॉलर अफ्रांचो इलाके से वापस लौट रहे थे। इस हादसे के कारणों का पता अभी नही चला है और इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### अंपायर से भिड़े जोकोविच



**रोम।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच को इटालियन ओपन टेनिस सेमीफाइनल में अंपायर से बहस के बाद चेतावनी दी गयी है। जोकोविच की इसमें दूसरे सेट के तीसरे गेम में चेयर अंपायर से जमकर बहस हो गई थी। जोकोविच को कैस्पर रूट से हुए मुकाबले में 7-5, 6-3 से मिली जीत के बाद यह चेतावनी दी गई। अब अगर जोकोविच एक भी गलती करते हैं तो उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया जाएगा। इससे पहले अमेरिकी ओपन टेनिस में भी जोकोविच को एक अंपायर को गेंद मारने के बाद बाहर कर दिया गया था।

### फ्रेंच ओपन क्वालीफायर में भाग नहीं लेंगे पॉजिटिव खिलाड़ी

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस में पांच खिलाड़ी कोविड-19 की जांच में पॉजिटिव पाये गये हैं। अब ये खिलाड़ी 27 सितंबर से शुरू हो रहे क्वालीफायर में भाग नहीं ले पायेंगे। टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग दौर में दो खिलाड़ी कोरोना वायरस की जांच में पॉजिटिव पाये गए जबकि तीन अन्य एक ऐसे कोच के संपर्क में थे जो पॉजिटिव पाया गया है। फ्रेंच टेनिस महासंघ ने अपने एक बयान में कहा कि सभी पांचों खिलाड़ी पांच दिन के लिये पृथकवास में रहेंगे हालांकि इन खिलाड़ियों के नामों को सार्वजनिक नहीं किया गया है।

### पिता के ब्रेन कैंसर के कारण स्टोक्स परिवार के साथ हैं, चोट से नहीं उबर पाए हैं स्मिथ, नेट प्रैक्टिस में सिर में चोट लगी थी

# राजस्थान रायल्स: कप्तान स्मिथ, स्टोक्स जोस बटलर नहीं खेल सकेंगे पहला मैच

दुबई ■ एजेंसी

आईपीएल 2020 का आगाज हो चुका है। चेन्नई सुपर किंग्स के बाद रविवार को खेले गए आईपीएल-13 के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने किंग्स इलेवन पंजाब को सुपर ओवर में हरा कर जीत के साथ शुरूआत की। सभी टीमों की कोशिश यही है कि जीत के साथ ही आईपीएल की शुरूआत की जाए। मंगलवार 22 सितंबर को आईपीएल का चौथा मैच शारजाह में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स बीच खेला जाना है। लेकिन राजस्थान के लिए पहला मैच जीतना बड़ी चुनौती होगी। राजस्थान के तीन बड़े खिलाड़ी जोस बटलर, स्टीव स्मिथ और बेन स्टोक्स चेन्नई के खिलाफ पहले मैच का हिस्सा नहीं होंगे।

राजस्थान रॉयल्स की ओर से जारी की गई प्रेस रिलीज में इस बात की पुष्टी हो गई है कि टीम के इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर और धाकड़ ऑलराउंडर बेन स्टोक्स पहले मैच में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। फ्रेंचाइजी ने बताया है कि जोस बटलर अभी क्वारंटाइन में हैं, क्योंकि वे इंग्लैंड के बाकी खिलाड़ियों के साथ नहीं आए थे। वे परिवार के साथ दुबई पहुंचे थे, जहां उनको 6 दिन क्वारंटाइन में बिताने होंगे। अगले कुछ दिन में वे टीम के साथ जुड़ सकते हैं।

बेन स्टोक्स को लेकर राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने जानकारी दी है कि वे अभी भी अपने परिवार के साथ न्यूजीलैंड में हैं। ऐसे में वे भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि, दूसरे मैच में जोस बटलर का टीम का साथ जुड़ना संभव है, लेकिन स्टोक्स को लेकर फ्रेंचाइजी ने अभी कोई जानकारी नहीं दी है। आइपीएल के आगाज सत्र की विजेता टीम राजस्थान रॉयल्स को तीन बार की चैंपियन सीएसके का सामना अपने पहले मैच में करना है, जो कि बड़ा दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। गौरतलब है कि 16 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच आखिरी वनडे मैच खेला गया था। इसके दूसरे दिन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी एक निजी विमान से दुबई पहुंचे थे। इसके बाद जिन खिलाड़ियों को अबू धाबी जाना था वो निकल गए थे, लेकिन जोस बटलर अपने परिवार के साथ दुबई पहुंचे हैं। दुबई में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के लिए 36 घंटे का क्वारंटाइन अवधि कर दी थी, लेकिन वे बायो-बबल से निकल गए थे। ऐसे में बटलर को 6 दिन क्वारंटाइन में रहना होगा।दरअसल इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्मिथ कनकशन चोट का शिकार हो गए थे, जिसके बाद उनके आईपीएल के शुरूआती मैच खेलने पर संशय बना हुआ था. स्टीव स्मिथ ने कहा कि बेशक वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाए, मगर दुबई में वह कुछ दिनों अच्छे आराम के साथ रहे. जिक जैक रनिंग भी की. जो खेल के मैदान पर वापसी करने के लिए एक प्रोटोकॉल का हिस्सा है. स्टीव स्मिथ ने कहा कि बेशक वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाए, मगर दुबई में वह कुछ दिनों अच्छे आराम के साथ रहे. जिक जैक रनिंग भी की. जो खेल के मैदान पर वापसी करने के लिए एक प्रोटोकॉल का हिस्सा है.





### ये है वजह

इंग्लैंड के जोस बटलर ने रविवार को खुलासा किया कि वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में क्वारैंटाइन में होने की वजह से चेन्नई के खिलाफ टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। राजस्थान रॉयल्स ने सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें बटलर ने कहा, ह्लमैं क्वारैंटाइन में वक्त गुजारने के कारण बदकिस्मती से राजस्थान रॉयल्स के लिए पहले मैच में हिस्सा नहीं ले सकूंगा। मैं यहां अपने परिवार के साथ हूं। यह सुखद है कि रॉयल्स ने मुझे अपने परिवार को यहां साथ लाने दिया है। यह एक बड़ी मदद है.ह्व राजस्थान के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स भी चेन्नई के खिलाफ पहले मैच का हिस्सा नहीं रहेंगे। वो अपने पिता के ब्रेन कैंसर का पता चलने के कारण क्राइस्टचर्च में हैं। राजस्थान के कप्तान स्टीव स्मिथ को मैनचेस्टर में नेट प्रैक्टिस के दौरान सिर में चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वे वनडे सीरीजी भी नहीं खेल सके थे। स्मिथ राजस्थान के आईपीएल में होने वाले शुरूआती मैच के लिए भी मौजूद नहीं रहेंगे।

### चेन्नई सुपर किंग को मिली बड़ी खुशखबरी खेल सकते है युवा खिलाड़ी रितुराज



इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में मंगलवार को चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होना है। इससे पहले टीम के लिए टीम को एक बड़ी खुशखबरी मिली है। युवा बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ ने ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। गौरतलब है कि रितुराज कोरोना वायरस से संक्रमित थे और उनकी दो जरुरी रिपोर्ट नेगेटिव आई, जिसके बाद उन्होंने अभ्यास शुरू कर दिया है। कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद वह दो हफ्ते तक क्वारंटाइन में रहे और वह शनिवार को मुंबई के खिलाफ पहले मैच मे नही खेल पाए, जिसमें टीम को पांच विकेट से जीत मिली। रितुराज गायकवाड़ के ट्रेनिंग शुरू करने बाद ट्विटर पर चेन्नई सुपरकिंग्स ने उनकी फोटो शेयर की और कहा पहली चीज जो आप सोमवार की सुबह देखना चाहेंगे। देखिए कौन वापस आया है! आइपीएल शुरू होने से पहले सीएसके 13 सदस्य कोरोना से संक्रमित पाए गए थे। इनमें दो खिलाडी शामिल थे। रितुराज के अलावा दीपक चहर भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। चहर समेत टीम के 12 सदस्य पहले ही कोरोना से उबर गए थे और ट्रेनिंग शुरू कर दी थी और उन्हें पहले मैच में खेलने का मौका भी मिला।

### राजस्थान रॉयल्स-चेन्नई सुपर किंग्स में किसका पड़ला भारी

राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 22 सितंबर को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में यकीनन चेन्नई सुपर किंग्स का पड़ला भारी नजर आ रहा है। आज तक ये दोनों टीमें 21 बार आमने-सामने आई हैं, जिसमें से 14 बार चेन्नई व 7 बार राजस्थान ने जीत दर्ज की है।चेन्नई की टीम मुंबई के साथ खेले गए ओपनिंग मैच में शानदार जीत दर्ज कर चुकी है। तो खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी ऊंचे स्तर पर होगा। इसके अलावा उनके पास यूएई की परिस्थितियों में खेलने का अनुभव हो गया है, जो उन्हें राजस्थान के खिल्पफ खेले जाने वाले मैच में मदद करेगा।

# एन आर नारायणमूर्ति बोले, कंपनी के खिलाफ शिकायत करना बदले की भावना नहीं

नई दिल्ली ■ एजेंसी

आईटी सेक्टर कंपनी इंफोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायणमूर्ति ने कहा कि अगर कोई व्हिस्ल ब्लोअर पुख्ता सबूत के साथ अपने दावों को रखता है तो इसे प्रतिशोध नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के 47वें नेशनल मैनेजमेंट कन्वेन्शन के दौरान यह बात कही। नारायणमूर्ति के अनुसार अगर कोई व्हिसिलब्लोवर बॉस के किसी बात को सबूत के साथ रखता है तो कंपनी को उसे पूरी सुरक्षा देनी चाहिए। बता दें कि कोई व्हिसिब्लोअर अगर पारदर्शी रूप से शिकायत करता है तो कंपनी बोर्ड को चाहिए कि वह कंपनी की गरिमा को बचाएं और कर्तव्यों को पूरा करें। अगर किसी निचले व मध्य स्तर के कर्मचारी के खिलाफ कोई शिकायत सामने आती है तो इसके लिए आतंरिक कमेटी बनाकर सुलझाना चाहिए।



इसके लिए उन सीनियर कर्मचारियों को शामिल करें जो आरोपी के संपर्क में नहीं है दावो की जांच के लिए यह पर्याप्त होना चाहिए। नारायणमूर्ति ने कहा कि अगर किसी चेयरमैन, सीईओ या एक्जीक्युटिव डायरेक्टर समेत अन्य बोर्ड के सदस्यों के खिलाफ शिकायत आती है तो अमूमन अधिकतर बोर्ड मौजूदा नियम कानून के आधार पर इसकी जांच करते हैं। यह सही आइडिया नहीं है क्योंकि न्यायधीश, जूरी और अभियुक्त नहीं बन सकते। साल 2018 में एक व्हिसिब्लोअर ने इंफोसिस के कॉरपोरेट गवर्नेंस पर सवाल उठाते हुए सह-संस्थापक नंदन निलेकणी पर कई आरोप लगाये थे। निलेकणी पर बोर्ड द्वारा गलत कामों को छुपाने व दबाने का आरोप लगाया गया था। इस बारे में शिकायतकर्ता ने ?भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी को पत्र भी लिखा था। साल 2019 अक्टूबर में भी एक व्हिसिब्लोअर ने सीईओ सलिल पारेख और सीएफओ निलंजन रॉय पर अकाउंटिंग अनियमितताओं को लेकर आरोप लगाया था।

# एक अक्टूबर से इन ट्रांजेक्शन पर लगेगा टैक्स, लागू हो रहा नया नियम

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्र सरकार ने विदेश पैसे भेजने पर टैक्स वसूलने से जुड़ा नया नियम बना दिया है। ये नियम 1 अक्टूबर 2020 से लागू हो जाएगा। ऐसे में अगर आप विदेश में पढ़ रहे अपने बच्चे के पास पैसे भेजते हैं या किसी रिश्तेदार की आर्थिक मदद करते हैं तो रकम पर 5 फीसदी टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। फाइनेंस एक्ट, 2020 के मुताबिक, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम के तहत विदेश पैसे भेजने वाले व्यक्ति को टीसीएस देना होगा।

बता दें कि एलआरएस के तहत 2.5 लाख डॉलर सालाना तक भेज सकते हैं, जिस पर कोई टैक्स नहीं लगता। इसी को टैक्स के दायरे में लाने के लिए टीसीएस देना होगा। सरकार ने इस मामले में कुछ छूट दी है, जिसके तहत विदेश भेजे जाने वाले सभी पैसों पर यह टैक्स लागू नहीं होगा। अगर आप बच्चों की पढ़ाई के लिए 7,00,000 रुपए या इससे कम पैसे भेजते हैं तो टीसीएस नहीं लगेगा। एजुकेशन लोन 7,00,000 रुपए ज्यादा होने पर 0.5 फीसदी टीसीएस लगेगा। किसी टूर पैकेज के लिए विदेश भेजे जाने वाली रकम पर टीसीएस लागू नहीं होगा।

बता दें कि किसी भी काम के लिए विदेश भेजी जाने वाली 7,00,000 रुपए या कम रकम पर टीसीएस लागू नहीं होगा यानी रकम इससे ज्यादा होने पर टीसीएस लागू होगा। हालांकि, टूर पैकेज के मामले में इससे ज्यादा की रकम को भी छूट के दायरे में रखा गया है।

## व्यापार. ब्रीफ

### सोने-चांदी में कमजोरी

**मुंबई।** सोने और चांदी में सोमवार को कमजोरी के साथ कारोबार हो रहा है। डॉलर में कमजोरी के बावजूद ऊपरी स्तर पर हल्की मुनाफावसूली है। एमसीएक्स पर सोना 51500 के ऊपर टिकने की कोशिश में है। हालांकि सोने की फिजिकल डिमांड सुस्त बनी हुई है। घरेलू बाजार में लगातार पांचवे हफ्ते कीमतें डिस्काउंट पर हैं। वहीं एमसीएक्स पर चांदी के दाम 67,600 रुपए के करीब हैं। कच्चे तेल में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। विदेशी बाजारों में कमजोरी है, लेकिन एमसीएक्स :पर बढ़त के साथ कारोबार हो रहा है।

### यामाहा को इस वर्ष अपनी बिक्री एक दशक के निचले स्तर पर रहने का अनुमान

**गुवाहाटी।** मोटरसाइ?किल बनाने वाली प्रमुख कंपनी यामाहा मोटर ने कहा है कि 2020 में भारतीय बाजार में उसकी बिक्री एक दशक के निचले स्तर पर आ जाएगी। कंपनी ने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से भारत में उपभोक्ताओं की खरीद धारणा बुरी तरह प्रभावित हुई। जापानी कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी यामाहा मोटर इंडिया की घरेलू बिक्री में जनवरी-अगस्त के दौरान 36 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। कंपनी का मानना है कि इस महामारी की वजह से लोगों के साझा परिवहन के व्यवहार में बदलाव आएगा। लोग सामाजिक दूरी के साथ व्यक्तिगत स्तर पर साफ-सफाई पर ध्यान केंद्रित करेंगे। यामाहा मोटर इंडिया सेल्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंदर सिंह का अनुमान है कि बिक्री में धीरे-धीरे सुधार आएगा। हालांकि 2020 में हमारी बिक्री एक दशक में सबसे कम रहेगी।

### फरवरी-जुलाई में चार घरेलू एयरलाइंस पर एएआई का बकाया दोगुना हुआ

**नई दिल्ली।** चार प्रमुख घरेलू विमानन कंपनियों इंडिगो, स्पाइसजेट, गोएयर और एयरएशिया इंडिया के ऊपर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) का बकाया कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर फरवरी से जुलाई के दौरान दोगुना से अधिक हो गया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। हालांकि एएआई का सर्वाधिक बकाया एयर इंडिया के ऊपर है, जो आलोच्य अवधि के दौरान 2.75 प्रतिशत बढ़कर 2,258.27 करोड़ रुपए हो गया। एक विमानन कंपनी को एएआई के 100 से अधिक हवाई अड्डों में से किसी पर सुविधाओं का उपयोग करने के लिये हवाई नेविगेशन, लैंडिंग, पार्किंग आदि जैसे विभिन्न शुल्कों का भुगतान करना पड़ता है। एयर इंडिया और एएआई दोनों नागर विमानन मंत्रालय के तहत आती हैं।

### रुपया सोमवार को सात पैसे की मजबूती के साथ 73.38 रुपये प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में जारी निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बावजूद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आयी गिरावट और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की गिरावट से मिले समर्थन के दम पर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को सात पैसे की मजबूती के साथ 73.38 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 20 पैसे की तेजी में 73.45 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से देश का आयात बिल कम होता है, जिससे भारतीय मुद्रा को समर्थन मिलता है। डॉलर के कमजोर पड़ने के कारण शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे की तेजी के साथ 73.43 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 73.50 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के निचले और 73.26 रुपये के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में रुपया गत दिवस की तुलना में सात पैसे की मजबूती में 73.38 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

राहत — प्याज के निर्यात पर लगी रोक हटाने की तैयारी में सरकार, बातचीत का दौर शुरू

# बांग्लादेश में फिर से शुरू हो सकती है सप्लाई

नई दिल्ली ■ एजेंसी

पिछले सप्ताह प्याज की कीमतों में इजाफा होने के बाद केंद्र सरकार ने इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन अब कुछ पड़ोसी देशों में इसकी सप्लाई एक बार फिर शुरू हो सकती है। इसमें बांग्लादेश का भी नाम शामिल है। सरकार ने इस पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है लेकिन इसके लिए बातचीत का दौर शुरू हो गया है। इस मामले से जुड़े लोगों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

बांग्लादेश में प्याज की खपत ज्यादा होती है। भारत से बड़े स्तर पर प्याज का निर्यात होता है। बांग्लादेश हर साल भारत से करीब 3.50 लाख टन प्याज का आयात करता है। सरकार द्वारा प्याज निर्यात पर बैन के बाद ही बांग्लादेश के ढाका में कीमतें प्रति किलो 90-100 टका तक पहुंच गया है। इसके ठीक एक दिन पहले यहां प्याज की कीमतें 50 टका पर था।



मालूम हो कि इस साल प्याज उत्पादक राज्यों में अत्यधिक बारिश की वजह से फसल पर असर पड़ा है। इसके बाद घरेलू बाजार में कीमतों में तेजी देखने को मिली। आवक की कमी के बाद सरकार ने बीते 14 सितंबर को प्याज के निर्यात पर बैन लगा दिया था ताकि घरेलू बाजार में कीमतें काबू में आ सके।

### भारत में सबसे जयादा उत्पादन

दुनियाभर में प्याज की सबसे ज्यादा खेती भारत में ही की जाती है। दक्षिण एशियाई खानों में प्याज का सबसे ज्यादा इस्तेमाल भी होता है। यही कारण है कि बांग्लादेश, नेपाल, मलेशिया और श्रीलंका जैसे देश भारतीय प्याज पर ही निर्भर रहते हैं। एक महीने के अंदर ही महाराष्ट्र के लासलगांव में प्याज का थोक भाव 30,000 रुपए प्रति टन पहुंच गया है। लासलगांव देश की सबसे बडी प्याज मंडी है। प्याज का उत्पादन मुख्यत: छह राज्यों में होता है. 50 फीसदी प्याज भारत की 10 मंडियों से ही आता है। इनमें से छह महाराष्ट्र और कर्नाटक में हैं। इसका मतलब हुआ कि कुछ सौ व्यापारियों के हाथ में 50 फीसदी प्याज की कीमतें रहती हैं। ये व्यापारी अपने तरीकों से प्याज की कीमतों को प्रभावित कर सकते है। साथ ही प्याज का कोई न्यूनतम समर्थन मूल्य तय नहीं है।

# कर्मचारियों के हित का संरक्षण मेरी जवाबदारी है: ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## निगम कर्मचारियों द्वारा मंत्री श्री तोमर का अभिनंदन

**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि कर्मचारियों के हित के लिये मैं सदैव कार्य करता रहा हूँ और करता रहूँगा। नगर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों की मेहनत से ही ग्वालियर को स्वच्छता रैंकिंग में सम्पूर्ण देश में 13वाँ स्थान मिला है। इसके लिये सभी अधिकारी और कर्मचारी खासकर सफाई कामगार विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार को गालव गेस्ट हाउस में नगर निगम कर्मचारियों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में यह बात कही।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर की पहल पर कर्मचारियों के हित में हुए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में निगम कर्मचारियों द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नगर निगम के पूर्व एमआईसी सदस्य श्री धर्मेन्द्र राणा, श्री केशव सिंह व श्री दिनेश दीक्षित सहित नगर निगम के कर्मचारी एवं अधिकारी और सफाई कामगार संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि




कर्मचारियों के हक के लिये मैं सदैव उनके साथ हूँ। अगर आवश्यकता पड़ी तो उनके हित में प्रदेश सरकार से भी चर्चा करूँगा। नगर निगम के कर्मचारियों को उनके अधिकार का समयमान तत्काल मिले, इसके लिये प्रशासक एवं निगम आयुक्त के साथ चर्चा कर निर्णय करा लिया गया है। शीघ्र ही इसके आदेश भी जारी किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम के माध्यम से शहर में किए जा रहे कार्यों में सभी का सहयोग मिले, इसके प्रयास भी किए जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि एक महत्वपूर्ण बैठक में यह भी निर्णय किया गया है कि अब नामांतरण विज्ञप्तियों के प्रकाशन में 5 हजार रूपए के स्थान पर 2 हजार रूपए लिए जायेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि गार्वेज शुल्क के युक्तियुक्तकरण हेतु भी कमेटी का गठन किया गया है। इसके साथ ही मिल्क पार्लर संचालन के लिये निगम द्वारा 50 हजार रूपए के स्थान पर 5 हजार रूपए लेने का निर्णय भी किया गया है। उन्होंने कर्मचारियों से आहवान किया कि शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। कार्यक्रम में पूर्व एमआईसी सदस्य श्री धर्मेन्द्र राणा ने कहा कि कर्मचारियों के हित में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पहल कर महत्वपूर्ण निर्णय कराए हैं। नगर निगम के कर्मचारियों को उनके अधिकार मिलें, इसके लिये हम सब कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों के बेहतर कार्य से ही हमारे शहर का नाम भी स्वच्छता रैंकिंग में 13वें स्थान पर आया है। इसके लिये सभी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का वितरण आज

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश में गरीब कल्याण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के तहत 23 सितम्बर को मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल योजना) के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया जायेगा। प्रदेश स्तरीय इस आयोजन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 3700 हितग्राहियों को 80 करोड़ रूपए की राशि का सीधे बैंक खाते में वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सहायता राशि वितरण के पश्चात हितग्राहियों से सीधा संवाद करेंगे। ग्वालियर में बाल भवन में आपका संबल आपकी सरकार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया जायेगा। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ग्वालियर से कार्यक्रम में शामिल होंगे।



# क्राईम ब्रांच की सायबर क्राईम टीम ने एटीएम चुराकर खाते से रकम निकालने वाला बदमाश किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमितसांघी भा.पु.से. को विगत दिनों पूर्व आवेदिका शिवानी भिलवार ने अपने खाते से 65,000/- रूपये राशि अवैध रूप से निकल जाने के संबधं मे शिकायती आवेदन पत्र दिया था। आवेदिका की शिकायत को गंभीरता से लेते हुये, पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने अति. पुलिस अधीक्षक क्राईम सतेन्द्र सिंह तोमर एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम रत्नेश तोमर को क्राईम ब्रांच की सायबर टीम से उक्त शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करवाने हेतु निर्देशित किया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में दिनांक 22.09.2020 को प्रभारी क्राईम ब्रांच श्री दामोदर गुप्ता ने सायबर क्राईम टीम को उक्त शिकायती आवेदन पत्र पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया। उक्त शिकायती आवेदन पत्र पर थाना क्राईम ब्रांच में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिय गया। जिस पर से थाना क्राईम ब्रांच ने बैंक से तकनीकी जानकारी प्राप्त करबदमाश संदीप राजपूत के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त बदमाष संदीप राजपूत पुत्र डोंगर सिह राजपूत उम्र 21 साल नि0 कमला नगर लक्ष्मीगंज एबी रोड ग्वालियर को ट्रेस कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाश से अवैध निकासी के रूपयों के संबंध में पूछताछ करने परउसने उन रूपयों से एक लैपटॉप खरीदना बताया। गिरफ्तार बदमाष के कब्जे से अवैध निकासी के रूपयों से खरीदा गया लैपटॉप बरामद किया गया है ।

सराहनीय भूमिका-आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार करने में प्रभारी क्राईम ब्रांच ग्वालियर श्री दामोदरगुप्ता, उनि0 धर्मेन्द्र शर्मा, हरेन्द्र सिंह राजपूत, आर. सुनील शर्मा, सुमित भदौरिया, ओमशंकर सोनी, शिवशंकर शर्मा, श्याम मिश्रा, लोकेन्द्र राणा, जल सिंह व म.आर0 सुनीता, रिचा की सराहनीय भूमिका रही ।

# सबको साख-सबका विकास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों से किया संवाद

## जीरो प्रतिशत ऋण की उपलब्धता पर किसान ने जताया आभार

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सबको साख-सबका विकास कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बालाघाट, मंदसौर, भिण्ड, मुरैना और रायसेन के मत्स्य पालकों, पशु पालकों और कृषकों से बातचीत की। जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण बड़ी राहत है बालाघाट के मत्स्य पालक श्री अरविंद से मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चर्चा की। मत्स्य पालक श्री अरविंद ने बताया कि उनके समूह में पंद्रह सदस्य हैं। समूह को डेढ़ लाख का ऋण मिला। समूह सिंघाड़ा और मछली पालन करता है। लगभग 10-12 टन मछली उत्पादन होता है, जिससे 8 से 10 लाख रुपये की आमदनी होती है। जो सदस्यों में बराबरी से बांटी जाती है। श्री अरविंद ने कहा कि मछली के साथ-साथ सिंघाड़े की भी नवरात्रि के दिनों में अच्छी मांग रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पूछा की यदि किसान क्रेडिट कार्ड नहीं होता तो पैसे की व्यवस्था कैसे होती। इस पर श्री अरविंद ने बताया कि मजबूरी में 5 से 10 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज पर पैसा उठाया । अब जीरो प्रतिशत पर मिल रहा ऋण बड़ी राहत है।

**मोबाइल पर मेसेज आया और लोन मिल गया**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंदसौर के




कृषक व पशुपालक श्री नंदकिशोर से पूछा कि लोन मिलने में कोई दिक्कत या परेशानी तो नहीं हुई। इस पर नंदकिशोर ने कहा कि मोबाइल पर मेसेज आया और लोन मिल गया। नंदकिशोर ने बताया कि पिछले साल से पशु पालन शुरु किया है। अब 5 गाय-भैंस हैं। दुग्ध उत्पादन से आय बढ़ी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और कहा कि खेती के साथ-साथ पशु पालन सहायक व्यवसाय है। दोनों आपस में जुड़े हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों से खेती के साथ-साथ पशुपालन से जुड़ने की भी अपील की।

**24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की जगह जीरो प्रतिशत पर लिया ऋण**-मुख्यमंत्री श्री चौहान को भिण्ड के साढ़े तीन बीघा के किसान श्री राकेश तोमर ने बताया कि जरूरत होने पर 24 प्रतिशत सालाना ब्याज पर भी पैसा उठाकर खाद-बीज की व्यवस्था की है। मेहनत में कोई कमी नहीं है, रबी और खरीफ फसल के साथ-साथ सब्जी भी उगा रहे हैं। जरूरत के समय जबरिया ब्याज ने बहुत तकलीफ दी, अब केसीसी से राहत मिली है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऋण समय पर चुकाना मत भूलना।

**क्रेडिट कार्ड से दूर हुई अनिश्चिता**-मुरैना के कृषक श्री हरिशचंद्र ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को बताया कि उन्होंने बैंक से केसीसी लेने की कोशिश की पर अंततः सहकारी बैंक से उन्हें केसीसी मिल पाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पूछा कि क्रेडिट कार्ड मिलने के बाद क्या बदलाव आया। इस पर श्री हरीशचन्द्र ने बताया कि पहले स्थिति यह थी कि फसल में पानी, खाद, कीटनाशक की जरूरत होने पर पैसे के लिए साहूकारों का मुंह देखना पड़ता था। वाजिब ब्याज पर पैसा मिल जाए तो ठीक, नहीं तो फसल भगवान भरोसे। क्रेडिट कार्ड मिलने से यह अनिश्चिता दूर हुई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सांची-रायसेन के श्री सौदान सिंह से बातचीत कर ऋण तथा खाद-बीज की उपलब्धता संबंधी जानकारी ली।




परीक्षा संग्रहण केन्द्र पर काढे के पैकेट का वितरण कर इम्यूनिटी बढ़ाने का संदेश: एन.एस.एस.द्वारा

# माधव महाविद्यालय की एन.एस.एस. द्वारा काढ़ा वितरण परीक्षा संग्रहण केन्द्र पर

ग्वालियर। परीक्षा संग्रहण केन्द्रो पर ओपन बुक पद्यति से परीक्षायें सम्पन्न हो रही हैं जिसमें बाहर से आने वाले छात्रों की सुरक्षा हेतु महाविद्यालय ने कई प्रकार के सुरक्षा संबंधित कार्य कर रखे है। कोविड-19 के समय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना आवश्यक है जिसके लिये माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा काढे के पैकेटों का वितरण कर सुरक्षित रखने का संदेश स्वयंसेवकों द्वारा दिया गया। यह कार्य परीक्षा के समय काढ़ा बांटनें का वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय के नेतृत्व किया गया। कोरोना की भयावक स्थिति अनलॉक के समय देखी जा रही है। प्रतिदिन कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ना एक चिंता की बात है। ऐसे में

**(परीक्षा पूर्व काढे के पैकेट का वितरण का कार्यक्रम रा.से.यो. माधव महाविद्यालय, ग्वालियर द्वारा)**

इम्युनिटी पॉवर बढ़ाना स्वयं एवं परिवार के लिये आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना समाज में जागरूकता का कार्य करती है। इसी के तहत प्रतिदिन महाविद्यालय में काढा बांटने का कार्यक्रम किया जा रहा है। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि ऐसा भयावक समय शायद जीवन में ना आये परन्तु यदि आता है तो इसे हम सभी लोगों को मिलकर सामना करना चाहिए। कोरोना से बचाव सिर्फ जागरूकता है। जागरूकता के द्वारा ही हम अपने आपको सुरक्षित रख सकते हैं। एन.एस.एस. माधव महाविद्यालय ग्वालियर इस प्रकार के कई जागरूकता कार्य शहर में कर रही है। कार्यक्रम में अंकुश अरोरा, अनिरूद्ध शर्मा, यश किरार, पूर्वी मोरगॉवकर, हेमन्त मांझी, आकाश राणा, अनुभव दीक्षित, तरूण रोहिरा, अंजली, अंकुर चौरसिया आदि लोग उपस्थित थे।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 2 करोड़ की लागत से कांचमिल में बने नवीन पार्क का किया लोकार्पण

**ग्वालियर।** अमृत योजनातंर्गत निर्मित कांचमिल नवीन पार्क भव्यता के साथ आकर्षित बनाया गया है। सर्वसुविधायुक्त इस पार्क में ओपन जिम, महिलाओं के लिए अलग से जिम, बच्चों के खेलने के लिए झूले, बेडमिंटन कोर्ट, बॉलीबॉल कोर्ट, बुजुर्ग व महिलाओं के घूमने व जिम के साथ-साथ पक्षीयों के दाना-पानी की सारी व्यवस्थायें पार्क में की गई हैं। इस पार्क का तीन वर्ष तक मैंटेंन का कार्य नगर निगम ग्वालियर द्वारा किया जायेगा। उन्होने कहा कि इस पार्क की सोभा हमेशा ऐसी ही बनी रहे इसके



आकर्शित फांउटेन लगाया गया है। इन सब खुबियों के कारण ग्वालियर शहर का इकलोता ऐसा पार्क है जहां आमजन की जनभावनाओं को ध्यान में रखकर इस पार्क का निर्माण किया गया है। उक्ताशय के विचार कांचमिल स्थित नवीन पार्क के लोकार्पण के अवसर पर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने व्यक्त किए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कांचमिल में 2 करोड़ की लागत से बनी नवीन पार्क का लोकार्पण करते हुए कहा कि शहर का एकमात्र ऐसा पार्क है जहां नोनिहाल, लिए जरूरी है कि एक स्थानीय कमैटी बने जो पार्क की देखरेख करें।

श्री तोमर ने कहा कि अमृत योजनांतर्गत निर्मित इस पार्क में पक्षीयों के लिए दानापानी क्षेत्र, मंदिर, गपशप पॉइंट, वाटर फाउन्टेन, बॉलीवॉल कोर्ट बैडमिंटन कोर्ट, सेड पिट, गार्ड रूम, पेयजल सुविधा, लेडीज जिम, ग्रीन एरिया, चिल्ड्रन प्ले एरिया, एक्यूप्रेसर पाथवे, ओपन जिम, पाथवे, ग्रीन एरिया, सौफट पाथवे सैल्फी पॉइंट एवं एक बडा मंच जहां आप सामाजिक, धार्मिक आयोजन कर सकते हैं। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि तिकोनिया पार्क को भी जीर्णोद्धार कर आमजन की जनभावनाओं को ध्यान में रखकर पार्क का विकास किया जा रहा है। इसके साथ ही मनोरंजनालय को भी भव्य पार्क के रूप में विकशित किया जा रहा है। साथ ही एक ओडीटोरियम बनेगा जहां एक हजार नागरिक बैठकर खेल का आनंद ले सकेगें। नौनिहालों के खेलने के लिए 10 करोड़ की लागत से ट्रीपल आईटीएम के सामने खेल स्टेडियम बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि श्मशानघाट का 70 लाख की लागत से जीर्णोउत्थान किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि गरीबो को बेहतर इलाज के लिए विधानसभा क्षेत्र में तीन संजीवनी क्लीनिक खुल चुकी हैं, जहां आमजन को निशुल्क इलाज मिल रहा है। क्षेत्र के 21 हजार पात्र हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची जारी हो चुकी है। बेहतर शिक्षा के लिए 18 करोड़ लागत से प्रदेश का पहला स्मार्ट स्कूल शिक्षा नगर में बनाया जा रहा है। साथ ही पटेल स्कूल को भी उत्कृष्ट स्कूल बनाया जा रहा है। हमे अपने नोनिहालों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है इसके लिए उनको अच्छी शिक्षा, स्वास्थ व खेलकूंद की उचित व्यवस्था होनी चाहिए प्रदेश सरकार का यही प्रयास है।

## कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने गिरफ्तार दी

अमित शर्मा रिपोर्टर

किसान विरोधी काले कानून के विरोध में सुरेंद्र सिंह सोलंकी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय नई दिल्ली में शांति पुरड विरोध प्रदर्शन कर रहे थे पुलिस ने जबरन गिरफ्तार कर मंदिर मार्ग थाना क्षेत्र हम सेकड़ो लोगों को रखा पूरे देश के कांग्रेस पार्टी के नेताओ ने गिरफ्तार दी जिससे मुख्य रूप से सुरेंद्र सोलकी जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुरेश शर्मा जी राष्ट्रीय सचिव किसान कांग्रेस, रविंद्र सिंह भदौरिया जी प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस, कृष्ण गोपाल चौरसिया जिला उपाध्यक्ष भिण्ड ,नरेस तोमर जिला उपाध्यक्ष कि कांग्रेस, अभिलाख तोमर जिला महामंत्री कि कांग्रेस, भूरे तोमर जिला उपाध्यक्ष युबा कांग्रेस, ब्रेज मोहन तोमर बरिस्ट नेता, आदि नेता गढ़ दिल्ली में किसान विरोधी, मोदी सरकार का काले कानून का विरोध किया।



## औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थाओं के मध्य इंडिस्ट्री एकेडेमिया मीट 24 सितंबर को होगी

ग्वालियर । तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा 24 सितंबर को भोपाल के राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थाओं के मध्य इंडिस्ट्री एकेडेमिया कार्यशाला आयोजित की जा रही है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। सूक्ष्य, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयुक्त तकनीकी शिक्षा श्री पी. नरहरि ने बताया कि कार्यशाला में आई टी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, रिटेल क्षेत्रों के सभी प्रतिष्ठित संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्येश्य राज्य के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के बारे में जागरूक करना तथा औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के मध्य साझेदारी को बढ़ावा देना है।


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478